डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सप्ताह की प्रकाशित, सोमवार 04.04.2022 से 10.04.2022 वर्ष-19 अंक-14 मूल्य ₹ 5.00

नारी सशक्तिकरण एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती की पहचान बनेंगे प्रधानमंत्री आवास

मध्यप्रदेश के सवा 5 लाख गरीबों को मिला उनके सपनों का पक्का घर

छतरपुर, हाल ही में (29 मार्च को) मध्यप्रदेश के सवा 5 लाख गरीबों को उनके सपनों का पक्का घर मिला है। नव विक्रम संवत्सर 2079 प्रारंभ हो रहा है। नव वर्ष पर नवगृह प्रवेश मंगलकारी है। ये प्रधानमंत्री आवास सशक्त होते गरीब, नारी सशक्तिकरण एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती की पहचान बनेंगे। इनसे गांवों में रोज़गार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से देश में 2 करोड़ घरों पर महिलाओं को मालिकाना हक मिला है। दुनिया की यूनिवर्सिटीज में यह केस स्टडी का विषय है। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित 5 लाख 21 हजार आवासों में हितग्राहियों के गृह-प्रवेशम् कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान छतरपुर जिले से कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों के गृह-प्रवेशम् कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

श्री मोदी ने कहा कि देश में महिलाओं की परेशानी दूर करते हुए 6 करोड़ से अधिक परिवारों को नल से जल पहुंचाया जा रहा है। मध्यप्रदेश 50 लाख परिवारों तक पाइप से पानी पहुंचाने के पड़ाव के बहुत निकट है। हम हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से पेयजल पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

श्री मोदी ने कहा कि जिन गरीबों को अभी पक्का घर नहीं मिला है, वे आश्वस्त रहें, सभी को शीघ्र ही पक्का घर मिलेगा। देश में इस वर्ष 80 लाख पक्के घर बनाये जाने के लिये राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें मध्यप्रदेश के भी लाखों परिवारों को लाभ होना तय है। अब तक इस योजना में सवा 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किये जा चुके हैं। सरकार गरीबों के सुख-दुख की साथी है, उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। कोरोना काल में भी विकास कार्य जारी रहे। सरकार गरीबों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। उन्हें मुफ्त वैक्सीन, मुफ्त राशन दिलवाया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को आगामी 6 माह के लिये बढ़ा दिया गया है। पूरी दुनिया लड़ाई के मैदान में उतरी हुई है, उसके कारण भी अनेक प्रकार की आर्थिक व्यवस्थाओं पर नया संकट पैदा होता जा रहा है। युद्ध ने अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव डाला है, परंतु भारत के नागरिकों पर इसका असर न पड़े, ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गरीबों के मसीहा हैं। गरीबों के जीवन में नया सवेरा लेकर आये प्रधानमंत्री ने प्रदेश के सवा पांच लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया है। सभी गरीबों का अपना पक्का आवास हो, इसके लिये मध्यप्रदेश में अगले वर्ष के बजट में 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2024-25 तक कोई भी गरीब झोपड़ी में नहीं रहेगा, सबका पक्का मकान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर गरीब को पक्का मकान दिलाएगी। आगामी 3 वर्षों तक प्रदेश में 10-10 लाख पक्के मकान बनाये जायेंगे। मकान के साथ ही शौचालय, रसोई गैस, बिजली कनेक्शन और पेयजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

गांव के समग्र विकास की है नीति

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को केवल खेती तक ही सीमित नहीं रखेंगे। गांवों के समग्र विकास की हमारी नीति है। गांव एवं जमीन पर आर्थिक गतिविधियां सीमित नहीं रहेंगी। खेती में ड्रोन तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। हमारी सरकार स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामवासियों को उनकी संपत्तियों का स्वामित्व दे रही है। मध्यप्रदेश में 50 हजार से अधिक गांवों का सर्वे किया गया है तथा 3 लाख व्यक्तियों को स्वामित्व अधिकार सौंपे जा चुके हैं।

मध्यप्रदेश में 30 लाख से अधिक आवास स्वीकृत

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये आवास गरीबी दूर करने की पहली सीढ़ी है। ये गांवों एवं गरीब को विश्वास देने की सरकार की प्रतिबद्धता के प्रतीक है। जब गरीब पक्की छत के नीचे सोयेगा, तब वह निश्चिंत होकर अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं अन्य कार्यों पर ध्यान दे पाएगा। हमारी सरकार देश में ढाई करोड़ गरीब परिवारों को पक्का आवास दे चुकी है, जिनमें 2 करोड़ आवास ग्रामीण क्षेत्र में हैं। मध्यप्रदेश में 30 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें 24 लाख से अधिक पूर्ण हो गये हैं।

दिव्यांग विद्यार्थियों को परीक्षाओं में मिलेगा 30 मिनट का अतिरिक्त समय

भोपाल, प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान निर्धारित अवधि से 30 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में वर्णित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं वाले कक्षा 1 से 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान और मूल्यांकन में अनेक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स और विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं।

संचालक श्री धनराजू एस ने बताया कि दिव्यांग विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं में प्रमुख रूप से लेखक उपलब्ध कराया जाना, पृथक से बैठक व्यवस्था कराना, विशिष्ट भाषा से छूट देते हुए द्वितीय भाषा के स्थान पर एक सामान्य भाषा लेकर अध्ययन करने की सुविधा तथा तृतीय भाषा के स्थान पर चित्रकला लेना, मौखिक रूप से पूछे जाने वाले प्रश्नों को लिखित रूप से पूछना, गणित विषय के स्थान पर संगीत लेना, ब्रेललिपि में उत्तर देने की सुविधा तथा प्रत्येक घंटे 20 मिनिट अतिरिक्त समय देना, मूल्यांकन के समय पढ़ने-लिखने के लिये बड़े प्रिंट का उपयोग और विशेष पेन उपयोग की अनुमति शामिल है।

साथ ही दिव्यांग विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान ब्रेललिपि में उत्तर देने पर अनुस्वार की गलतियों पर अंक नहीं काटना, ग्रामर, स्पेलिंग, कॉमा, फुलस्टॉप की त्रुटियों पर अंक नहीं काटना आदि सम्मिलित हैं।

उल्लेखनीय है कि कक्षा 1 और 2 का वार्षिक मूल्यांकन 13 अप्रैल 2022 तक, कक्षा 3, 4, 6 और 7 का 16 से 23 अप्रैल 2022 तक एवं कक्षा 5वीं और 8वीं का 1 से 11 अप्रैल 2022 तक किया जाना है। परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को यह सुविधाएं प्राप्त होंगी।

खास खबर

अब 15 अप्रैल तक चुका सकेंगे किसान खरीफ फसल ऋण

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों के लिए खरीफ फसल का ऋण चुकाने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 15 अप्रैल की जा रही है। किसानों को खरीफ फसल के लिए जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया था। लोन चुकाने की अवधि 31 मार्च को समाप्त हो रही थी।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

परीक्षा पे चर्चा 2022

विद्यार्थी एकाग्रता को परीक्षा तक सीमित न रखें, उसे समग्रता में दें विस्तार

नई दिल्ली, एकाग्रता और स्मृति को परीक्षा तक सीमित न रखते हुए उसका हर संभव विस्तार करना चाहिए। जीवन में प्रतिस्पर्धा का भाव आवश्यक है। विद्यार्थियों के खिलने के लिए खेलना जरूरी है, जो टीम स्प्रिट, साहस और प्रतिस्पर्धी को समझने की क्षमता प्रदान करता है। उक्त विचार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने "परीक्षा पे चर्चा 2022" में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए व्यक्त किए।

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से परीक्षा के समय होने वाले तनाव, अवसाद से बचने के उपाय और सफलता के मंत्र साझा किए। श्री मोदी ने सीखने की प्रक्रिया में ऑफलाइन और ऑनलाइन शिक्षण की भूमिका तथा अंतर्संबंध, विद्यार्थियों को स्वयं से जुड़ने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, छात्र जीवन में खेल के महत्व और कौशल उन्नयन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने सफलता के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए आत्म-विश्वास तथा एकाग्रता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

श्री मोदी ने कहा कि यह आवश्यक है कि माता-पिता अपने बच्चों की रुचि और क्षमताओं को पहचाने। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शाला स्तर के अध्ययन, महाविद्यालय में प्रवेश और प्रतियोगिता परीक्षाओं में परस्पर संतुलन बनाते हुए प्राथमिकताओं को निर्धारित करना होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संवाद में बालिका शिक्षा, राष्ट्र-निर्माण में नई पीढ़ी के योगदान और पर्यावरण तथा स्वच्छता को बेहतर बनाने के लिए युवा वर्ग से अपेक्षाएं भी की।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, भोपाल के तात्या टोपे नगर स्थित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (मॉडल स्कूल) में विद्यार्थियों के साथ "परीक्षा की बात प्रधानमंत्री के साथ" कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री का एनसीसी कैडेट्स ने स्कूल बैंड की उत्साहवर्धक ध्वनि से स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों से चर्चा कर उनके मन को समझा है।

नल जल योजनाओं को सुचारू रखने जल-संरक्षण करना जरूरी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बुरहानपुर में विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए।

बुरहानपुर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कर एक नई इबारत लिखी जा रही है।

बुरहानपुर जिला प्रदेश का ऐसा पहला जिला बन गया है, जहां जल जीवन मिशन से ग्रामीण आबादी के हर घर में नल से जल पहुंच गया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बुरहानपुर जिले के खड़कोद गांव में जल जीवन मिशन के तहत शत-प्रतिशत ग्रामीण आबादी को नल से जल युक्त घोषित किये जाने के अवसर पर आयोजित जल महोत्सव को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सौगात बुरहानपुर को मिली है, उसे सहेजने के लिए पानी की बचत करने के साथ जल संवर्धन भी जरूरी है। इससे योजना के जल-स्रोत जीवित बने रहेंगे तभी पेयजल की योजनाएं निरन्तर चल पाएंगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

26 मार्च

हौती विद्रोहियों ने जेद्दा के तेल डिपो पर किया हमला

● सऊदी अरब के जेद्दा शहर में अरामको कंपनी के एक तेल डिपो पर यमन के हौती विद्रोहियों ने हमला किया। इस हमले से तेल डिपो में भीषण आग लग गई। सऊदी अरब को इस हमले में बहुत नुकसान हुआ है। हौती विद्रोहियों ने तेल डिपो पर हमले की जिम्मेदारी ली है। आरामको कंपनी ने बताया कि हौती विद्रोहियों के हमले में तेल डिपो के दो टैंकों में आग लग गई। आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। इस हमले को हौती विद्रोहियों का अब तक का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। इस तेल डिपो पर हाल के दिनों में भी हौती विद्रोही हमला कर चुके हैं। सऊदी अरब ने कहा कि यह हमला जानबूझकर तेल डिपो पर किया गया है। यह एक शत्रुतापूर्ण हरकत है। इस हमले का उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था को कमजोर करना है।

● केंद्र सरकार भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग के लिये पश्चिमी देशों द्वारा रूस के खिलाफ लगाये गये प्रतिबंधों के प्रभाव का आकलन कर रही है। यह जानकारी केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में दी। श्रीमती लेखी ने बताया कि रूस द्वारा यूक्रेन पर किये गये हमले के विरोध में अमेरिका और कई पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ सख्त आर्थिक प्रतिबंध लगाये हैं। इन प्रतिबंधों से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ने की आशंका है, जिसमें सप्लाई चेन भी बाधित हो सकती है। विदेश राज्यमंत्री ने कहा कि हम सभी हितधारकों के साथ सलाह-मशविरा कर इन पाबंदियों का भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग पर असर का आकलन कर रहे हैं।

27 मार्च

देश में खुलेंगे 21 नये सैनिक स्कूल

● रक्षा मंत्रालय ने देश में 21 नये सैनिक स्कूल खोलने की मंजूरी प्रदान की है। ये

स्कूल गैर सरकारी संगठन, निजी स्कूल या राज्य सरकारों के साथ साझेदारी के तहत खोले जायेंगे। ये स्कूल मौजूदा सैनिक स्कूलों से अलग होंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 100 नये सैनिक स्कूलों को स्थापित करने की घोषणा की थी। ये 21 सैनिक स्कूल इसी लक्ष्य का हिस्सा हैं। इन स्कूलों की स्थापना का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित कॅरियर के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। मंत्रालय ने कहा कि नये सैनिक स्कूल संबंधित शिक्षा बोर्ड से संबद्धता के अलावा सैनिक स्कूल सोसायटी के तत्वावधान में कार्य करेंगे और सोसायटी द्वारा निर्धारित साझेदारी मोड में नये सैनिक स्कूल के लिये नियमों और विनियमों का पालन करेंगे।

● जम्मू और कश्मीर में इस वर्ष पवित्र अमरनाथ यात्रा 30 जून से शुरू होगी। यह यात्रा 43 दिन चलेगी और 11 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी। यह निर्णय अमरनाथ श्राइन बोर्ड की बैठक में लिया गया। बोर्ड ने बताया कि यात्रा के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखा जायेगा। अमरनाथ यात्रा के लिये श्रद्धालुओं को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। ऑनलाइन पंजीकरण 11 अप्रैल से शुरू होगा। बोर्ड ने बताया कि यात्रा को दोनों मार्गों से एक साथ शुरू किया जायेगा। दोनों ही रास्तों पर 10 हजार श्रद्धालु प्रतिदिन यात्रा कर सकेंगे। इसमें हेलीकॉप्टर से यात्रा करने वाले श्रद्धालु शामिल नहीं हैं। बोर्ड ने बताया कि तीर्थ यात्रियों की आवाजाही के लिये आरएफआईडी आधारित ट्रैकिंग की जायेगी।

28 मार्च

सीयूईटी के लिये दो अप्रैल से शुरू होंगे आवेदन

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिये अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में इस वर्ष से संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के जरिये दाखिला होगा। यूजीसी ने कहा कि सीयूईटी के तहत दाखिले के लिये दो अप्रैल से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी, जो 30 अप्रैल तक चलेगी। हालांकि यूजीसी ने परीक्षा की तारीख की घोषणा नहीं की है। लेकिन माना जा रहा है कि यह परीक्षा जुलाई माह में आयोजित हो सकती है। उल्लेखनीय है कि सीयूसीईटी परीक्षा को अभी सिर्फ केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिये अनिवार्य किया गया है।

● केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने दुबई में कौशल भारत अंतर्राष्ट्रीय परियोजना 'तेजस' का शुभारंभ किया। इस परियोजना का ध्येय विदेश में रह रहे भारतीयों को प्रशिक्षित करना, प्रमाण-पत्र प्रदान करना तथा उन्हें विदेश में रोज़गार देना है। इस परियोजना का उद्देश्य भारतीय कार्यबल को कुशल तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बाजार की जरूरतों के अनुरूप तैयार करना भी है। श्री ठाकुर ने तेजस परियोजना का शुभारंभ करते हुये कहा कि भारत के पास युवा आबादी है और युवाओं की देश निर्माण में बड़ी हिस्सेदारी है। हमारा ध्यान युवा आबादी को कुशल बनाना और दुनिया को भारत से बड़े पैमाने पर कुशल कार्यबल मुहैया कराना है।

29 मार्च

पिछले तीन वर्षों में भारत का रक्षा आयात 10 प्रतिशत हुआ कम

● भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। पिछले तीन वर्षों में भारत ने विदेशी स्रोतों से रक्षा खरीद पर खर्च 10 प्रतिशत तक कम किया है। यह जानकारी केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री श्री अजय भट्ट ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में दी। श्री भट्ट ने बताया कि भारत का रक्षा आयात 10 प्रतिशत कम हुआ है। वर्ष 2018-19 से 2020-21 के दौरान विदेशी स्रोतों से रक्षा खरीद पर खर्च 46 प्रतिशत से घटकर 36 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने कहा कि यह कमी पिछले कुछ वर्षों में 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत कई सरकारी नीतिगत पहल की वजह से हुई है। देश में ही रक्षा उपकरणों के डिजाइन, विकास और उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिये कई सुधार किये गये हैं, जिससे आयात घटाने में सफलता मिली है।

● रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिये गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के साथ 473 करोड़ रुपये लागत की आठ तीव्र निगरानी पोतों के निर्माण के लिये अनुबंध किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्यों को पूरा करते हुये स्वदेशी पोत निर्माण क्षमता को बढ़ावा देगा। ये आठ उच्च गति वाले पोत उथले जल में भी काम करने और विशाल तट रेखा के साथ सुरक्षा तंत्र को बढ़ाने की क्षमता के साथ भारतीय तट पर तैनात होंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय तटरक्षक बल की क्षमता अब बढ़कर 159 जहाज और 72 विमान की हो गई है।

30 मार्च

यूजीसी नेट जेआरएफ की वैधता एक वर्ष के लिये बढ़ी

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ)

UGC
University Grants Commission

की वैधता अवधि को एक वर्ष तक बढ़ाने का फैसला किया है। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि कोरोना महामारी के प्रकोप के दौरान स्कॉलर्स को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। इसे देखते हुये जेआरएफ की वैधता को एक वर्ष बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय केवल उन सभी नेट क्वालिफाइड उम्मीदवारों पर लागू होगा, जिनकी प्रवेश प्रक्रिया कोरोना महामारी के कारण प्रभावित हुई थी। उल्लेखनीय है कि यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा वर्ष में दो बार किया जाता है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा है, इसका आयोजन विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रोफेसर और जूनियर रिसर्च फेलोशिप पद के लिये उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने के लिये किया जाता है।

● श्रीलंका के जाफना शहर के तीन द्वीपों में भारत हाइब्रिड बिजली परियोजनाएं लगायेगा। पहले इस परियोजना को चीन द्वारा स्थापित किया जाना था। इस परियोजना को लेकर भारत के विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद श्रीलंका ने इस पर पुनर्विचार किया। इस परियोजना को लेकर विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर और श्रीलंका के विदेश मंत्री श्री जी.एल. पेइरिस के बीच समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये जा चुके हैं। यह तीनों स्थान तमिलनाडु से कुछ किलोमीटर दूर स्थित हैं।

31 मार्च

सीसीएस ने 15 स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदने को दी मंजूरी

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने 3887 करोड़ रुपये की लागत से स्वदेश में विकसित 15 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एचसीएच) की खरीद को मंजूरी प्रदान की है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सीसीएस ने 15 लड़ाकू हेलीकॉप्टर की खरीद की स्वीकृति दी है। इनमें से 10 हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना के लिये और 5 भारत थल सेना के लिये होंगे। सीसीएस ने इसके साथ-साथ 377 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे की प्रणाली को भी मंजूरी दी है। हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर स्वदेशी रूप से विकसित लड़ाकू हेलीकॉप्टर है, जिसमें 45 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है, जो धीरे-धीरे बढ़कर 55 प्रतिशत हो जायेगी। इन हेलीकॉप्टरों का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने किया है। यह हेलीकॉप्टर ऊंचाई पर उड़ान भरने और सभी मौसम में मुकाबला करने में सक्षम हैं।

● रक्षा मंत्रालय ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) की बेंगलुरु और हैदराबाद इकाइयों के साथ 3102 करोड़ रुपये के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किये हैं। रक्षा मंत्रालय ने बीईएल-बेंगलुरु के बीच वायु सेना के युद्धक विमानों के लिये एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट की आपूर्ति के लिये अनुबंध किया गया है। जबकि बीईएल हैदराबाद के साथ इंस्ट्रूमेंटेड इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर रेंज (आईईडब्ल्यूआर) के लिये अनुबंध किया गया है।

1 अप्रैल

देश में 17 जुलाई को आयोजित होगी नीट परीक्षा

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-2022 के लिये अधिसूचना जारी कर दी है। नीट परीक्षा देशभर में 17 जुलाई को आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिये आवेदन की प्रक्रिया 2 अप्रैल से शुरू होकर 7 मई, 2022 तक चलेगी। यह परीक्षा ऑफलाइन (पेन-पेपर आधारित) होगी। इसे 13 भाषाओं में आयोजित किया जायेगा। परीक्षा का आधिकारिक नोटिफिकेशन एनटीए की वेबसाइट पर उपलब्ध है। एनटीए ने कहा परीक्षा के लिये आवेदन प्रक्रिया 7 मई तक चलेगी, इसके बाद पांच दिनों के लिये करेक्शन विंडो खोली जायेगी। उल्लेखनीय है कि देशभर के मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल, डेंटल और अन्य चिकित्सा संबंधी स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश नीट के जरिये होता है। वर्ष 2021 में 16 लाख 14 हजार 777 उम्मीदवारों ने नीट परीक्षा के लिये रजिस्टर किया था।

● केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों में तेजी से शांति बहाली के लिये पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में अफस्पा (आर्म फोर्स स्पेशल पॉवर्स एक्ट) के दायरे को घटाने का फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने नागालैंड, असम और मणिपुर राज्य में अफस्पा एक्ट के दायरे को कम किया है। सरकार ने इससे पहले वर्ष 2015 में त्रिपुरा तथा वर्ष 2018 में मेघालय राज्य से अफस्पा एक्ट पूरी तरह हटाया था। सरकार ने कहा कि इन राज्यों में उग्रवादी गतिविधियों में काफी कमी आई है, इसलिये इस कानून से रियायत दी गई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

BEST COLLEGE OF DAVV — Affiliated to DAVV and Higher Education
KOTHARI COLLEGE
OF MANAGEMENT, SCIENCE & TECHNOLOGY
KCMST / EST / Mar 22 / 001
VACANCIES
◆ Principal ◆ Asso. Professor ◆ Asst. Professor

Position	No. of Post
PRINCIPAL	[1]
ARTS :- HISTORY, GEOGRAPHY, ECONOMIC, SOCIOLOGY, POLITICAL SCI.	[5]
COMMERCE :- ACCOUNTING	[2]
MANAGEMENT :- MARKETING, FINANCE, HR	[3]
SOCIAL WORK :- SOCIAL RESEARCH, SOCIAL PROJECT	[2]
COMPUTER :- DIGITAL MARKETING, LAB ASSISTANT	[2]

Salary & Qualification As per UGC Norms
Mail or Post application along with a recent Passport Photograph within 7 days
Email : kothariicollege@gmail.com
Contact - 93007 28836, 9329902506
स्कीम नं. 140, गेट नं. 1 ग्रेटर ब्रजेश्वरी एन. एक्स., पिपल्याहाना रिंग रोड़, इन्दौर
R-46868

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 14 04.04.2022 से 10.04.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

गेहूं निर्यातकों को मिलेंगी सभी जरूरी सुविधाएं

वर्तमान में विश्व बाजार में गुणवत्तापूर्ण गेहूं की मांग को पूरा करने के लिये राज्य सरकार निर्यातकों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी। मध्यप्रदेश का गेहूं एमपी व्हीट के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में उच्च निर्यात क्षमता के देशों जैसे इजिप्ट, टर्की, अल्जीरिया, नाइजीरिया और तंजाकिया आदि के बाजारों तक भारतीय एजेंसी के सहयोग से पहुंच बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। विभिन्न पोर्ट ट्रस्ट गेहूं के निर्यात के लिये तात्कालिक भंडारण के प्रबंध और गेहूं के जहाजों को प्राथमिकता के लिये सहमत हैं। निर्यातक को निर्यात की मात्रा पर भुगतान की जाने वाली मंडी फीस की प्रतिपूर्ति का कार्य मध्यप्रदेश सरकार करेगी। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित मंत्रालय में निर्यातकों और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मध्यप्रदेश के गेहूं के अधिकाधिक निर्यात पर चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को लाभान्वित करने के लिये सभी जरूरी कदम उठाये जायेंगे। निर्यात संबंधी प्रक्रिया की अड़चनों को दूर किया जायेगा। भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने का कार्य किया जायेगा। श्री चौहान ने कहा कि गेहूं का निर्यात कृषक, निर्यातकों और राष्ट्रहित में है। भारत से गेहूं और अन्य उत्पादों का निर्यात सभी के लिये लाभदायक है। गेहूं परिवहन के लिये रेल मंत्रालय आवश्यक रैक उपलब्ध करवायेगा। प्रधानमंत्री भी भारत से गेहूं निर्यात कराने की मंशा से अवगत करवा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत से 400 बिलियन डॉलर के वाणिज्यिक निर्यात के लक्ष्य को लेकर प्रयासरत हैं। केंद्र सरकार निर्यात बढ़ाने के उपायों पर कार्य कर रही है। इस सिलसिले में निर्यात संवर्धन परिषद और संबंधित संस्थाओं के प्रयास तेज हुये हैं। मध्यप्रदेश के गेहूं के निर्यात से किसानों की आर्थिक समृद्धि का कार्य होगा। श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश के शरबती गेहूं और अन्य किस्मों की अलग पहचान है। इस वर्ष भी गेहूं का बम्पर स्टॉक उत्पादन हो रहा है। मध्यप्रदेश प्रतिवर्ष 360 मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन के साथ देश का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। गत 6 महीने में गेहूं की विशेष किस्मों लोकमन, शरबती, मालवा-शक्ति और सुजाता की खरीदी किसानों से मंडियों में की गयी। प्रदेश की जलवायु और यहां की मिट्टी के कारण इसे सोने के दानों जैसा गेहूं कहा जाता है। शरबती गेहूं एवं ड्यूरम (कठिया) गेहूं की काफी ज्यादा मांग है। प्रदेश की प्रमुख मंडियों में निर्यातकों को रियायती दर पर एक्सपोर्ट आधारित अधोसंरचना बनाने के लिये अस्थायी तौर पर भूमि और अन्य सुविधायें देने का आकलन किया जा रहा है। इसकी गुणवत्ता और पहचान को विश्व के बाजार में स्थापित करने का यह दुर्लभ अवसर भी है। यह गोल्डन व्हीट दुनिया के हर कोने में पहुंचे और इसका नाम ही इसकी पहचान बने, इसके लिये प्रयास तेज किये गये हैं। नई दिल्ली में निर्यातकों के साथ हुई बैठक के बाद इसी उद्देश्य से भोपाल में यह बैठक बुलाई गयी। बैठक में प्राप्त सुझाव अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहयोगी होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम निर्यात किये जाने वाले गुणवत्तापूर्ण गेहूं का ख्याल रखेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के बड़े हिस्से में अनेक तरह के गेहूं का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है, इसकी गुणवत्ता भी उच्च कोटि की होती है, इसलिये मध्यप्रदेश से गेहूं के निर्यात होने पर बड़े पैमाने पर यहां के किसानों को लाभ मिलेगा।

ऑर्गन ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में बड़ी सफलता

दुनियाभर के वैज्ञानिक इंसानी स्वास्थ्य को लेकर सदैव प्रयत्नशील रहते हैं। आधुनिक युग में यह सुविधा उपलब्ध है कि यदि कोई मानव अंग ठीक से काम नहीं कर रहा है तो उसे ट्रांसप्लांट कर दिया जाये। वैज्ञानिकों ने एक इंसानी फेफड़े को यूनिवर्सल अंग के रूप में बदलने में सफलता पाई है। यह पहला वैज्ञानिक अध्ययन है जो यूनिवर्सल अंग के सिद्धांत को प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक सिद्ध कर सका है। शोधकर्ताओं का दावा है कि उनकी तकनीक के जरिये सभी इंसानी दाता अंगों को यूनिवर्सल अंगों में बदलना संभव होना चाहिये। साथ ही संभावना है कि निकट भविष्य में किसी भी रक्त समूह वाले जरूरतमंद व्यक्ति को ऐसे यूनिवर्सिल अंग प्रत्यारोपित हो सकेंगे। अंग फेल होने के चलते मौत हो जाने की घटनाएं बढ़ीं हैं। इस बीच अंगदान करने और अंग प्रत्यारोपण का प्रचलन भी बढ़ा है। मगर सबसे बड़ी समस्या यही आती है कि अंगदाता और ग्राही के रक्त समूह एक से नहीं मिलते या उनके अंगों का आकार अलग-अलग होता है। ऐसे में यूनिवर्सल अंग तैयार होना ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह शोध टोरंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक दल ने किया है। शोधकर्ताओं ने यूनिवर्सल फेफड़ों को शरीर से बाहर एक चिकित्सकीय उपकरण 'एक्स वीवो परफ्यूजन' की मदद से जीवित रखने का सफल प्रयोग किया। फेफड़े को शरीर के तापमान पर रखा और वह जीवित रहा। शोध दल की योजना है कि अगले डेढ़ साल में इसका मानव परीक्षण किया जाये। इस शोध के जरिये यह दर्शाया गया कि दान वाले अंग में रक्त समूह को जरूरत के मुताबिक सुरक्षित तरीके से बदला जा सकता है। अंग प्रत्यारोपण कराने वाले मरीजों को अब अपने शरीर के मुताबिक अंग मिलने तक इंतजार नहीं करना होगा। यूनिवर्सल अथवा सार्वभौमिक अंग बनाने का मतलब है कि यह अंग हर तरह के इंसान के शरीर में लगाया जा सकेगा। इस शोध के जरिये अलग-अलग रक्त समूह वालों में अंग प्रत्यारोपण करना भविष्य में संभव होगा।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

हिन्दी रंगमंच दिवस 3 अप्रैल

हिन्दी और उसकी बोलियों से ही समृद्ध है हिन्दी रंगमंच

हिन्दी रंगमंच से अभिप्राय हिन्दी और उसकी बोलियों का विविध आयामीय रंगमंच होता है, क्योंकि हिन्दी और उसकी बोलियों से ही हिन्दी रंगमंच समृद्ध है। हिन्दी रंगमंच पर संस्कृत नाटकों का भी गहरा प्रभाव रहा है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को हिन्दी रंगमंच का पुरोधा माना जाता है। हिन्दी रंगमंच का सकल स्वरूप संस्कृत नाटक, लोक रंगमंच एवं पारसी रंगमंच की पृष्ठभूमि को आधार बनाकर विकसित हुआ है। संस्कृत में भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में 'नाट्य' शब्द का प्रयोग केवल नाटक के रूप में न करके व्यापक अर्थ में किया है, जिसके अन्तर्गत रंगमंच, अभिनय, नृत्य, संगीत, रस, वेशभूषा, रंगशिल्प, दर्शक आदि सभी पक्ष आ जाते हैं। भारत में संस्कृत रंगमंच के पृष्ठभूमि में चले जाने के बाद भी लोक रंगमंचों की परम्परा अत्यन्त सुदृढ़ रही। नौटंकी, स्वांग, रासलीला, रामलीला, नकल, खयाल, यात्रा, यक्षगान, नाचा, तमाशा आदि अत्यन्त लोकप्रिय लोक-नाट्य रूप रहे हैं। इन सभी नाट्य रूपों और पारसी रंगमंच की भी हिन्दी रंगमंच के विकास में ऐतिहासिक भूमिका रही है, जिससे हिन्दी रंगमंच की पृथक पहचान बनी।

तीन अप्रैल को ही मनता है हिन्दी रंगमंच दिवस

हिन्दी रंगमंच दिवस प्रतिवर्ष 3 अप्रैल को मनाया जाता है, क्योंकि वर्ष 1868 में 3 अप्रैल की शाम बनारस में पहली बार शीतलाप्रसाद त्रिपाठी कृत हिन्दी नाटक 'जानकी मंगल' का मंचन हुआ था। वर्ष 1967 में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य के इतिहास में पहली बार इस नाटक के मंचन को प्रामाणिक तौर पर प्रस्तुत किया था। इंग्लैंड के 'एलिन इंडियन मेल' के 8 मई, 1868 के अंक में भी उस नाटक के मंचन की जानकारी प्रकाशित हुई थी। इसी आधार पर पहली बार शरद नागर ने ही हिन्दी रंगमंच दिवस तीन अप्रैल को मनाने की घोषणा की थी।

हिन्दी रंगमंच का प्रारम्भ

हिन्दी रंगमंच का प्रारम्भ वर्ष 1853 में नेपाल के माटगांव में अभिनीत नाटक - 'विद्याविलाप' से माना जाता है। किन्तु यह नेपाल तक ही सीमित रह गया। वस्तुतः हिन्दी रंगमंच का नवोत्थान वर्ष 1871 में स्थापित 'अल्फ्रेड नाटक मण्डली' से हुआ जिसने भारतेन्दु और राधाकृष्ण दास के नाटकों का मंचन प्रस्तुत किया। राधेश्याम कथावाचक इस मण्डली के प्रमुख नाटककार थे। इसी बीच कोलकाता के 'मॉर्डन थिएटर' ने मुंबई की पारसी रंगमंच की 'इम्पीरियर' आदि अनेक नाटक कम्पनियों को खरीदकर कोलकाता को रंगमंच का केंद्र बना दिया। इन संस्थाओं के एकीकरण के कारण नारायण बेताब, आगा हश्र, तुलसीदत्त शैदा, हरिकृष्ण जौहर आदि अनेक नाटककारों का संगम-स्थल कोलकाता का 'मॉडर्न थिएटर' हो गया। हिन्दी रंगमंच के उन्नयन में देश के धुर पश्चिम और पूर्व के इन दो शीर्षस्थ रंगमंच केंद्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और हिन्दी रंगमंच को एक अलग पहचान और प्रतिष्ठा दिलाई।

बनारस से शुरू हुआ अव्यावसायिक रंगमंच

हिन्दी में अव्यावसायिक रंगमंच का सूत्रपात वर्ष 1868 में बनारस थिएटर के साथ हुआ। वर्ष 1884 में बनारस में 'नेशनल थियेटर' की स्थापना हुई। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के प्रसिद्ध नाटक 'अन्धेर नगरी' का प्रथम मंचन भी इसी नेशनल थियेटर में किया गया था। हिन्दी रंगमंच के विकास में 'भारतेन्दु नाटक मण्डली' (1906) की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस मण्डली ने लगभग डेढ़ दर्जन नाटकों का मंचन किया जिसमें सत्य हरिश्चंद्र, सुभद्रा हरण, चंद्रगुप्त, स्कंदगुप्त और ध्रुवस्वामिनी प्रमुख हैं। इस नाटक मण्डली ने भारतेन्दु युग के नाटकों

के साथ-साथ प्रसाद के नाटकों को भी सफलतापूर्वक मंचित कर हिन्दी के अपने स्वतंत्र रंगमंच के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। जयशंकर प्रसाद के नाटकों को मंचित कर इस संस्था ने सिद्ध किया कि प्रसाद के नाटक पूर्णतः अभिनेय और मंचन योग्य हैं। आगे चलकर काशी हिंदू विश्वविद्यालय की विक्रम परिषद की स्थापना वर्ष 1939 में हुई थी। इसने नाटकों में स्त्री पात्र के लिए स्त्रियों द्वारा ही अभिनय की परम्परा डाली। इस परम्परा से हिन्दी रंगमंच पर कुशल अभिनेत्रियों की अभिनय प्रतिभा से परिचित होने का मौका भी प्रेक्षकों को मिला।

नाटकों पर हुआ लम्बा व्याख्यान

हिन्दी रंगमंच के विकास में वर्ष 1884 में स्थापित बलिया नाट्य समाज की भूमिका भी ऐतिहासिक मानी जाती है। वर्ष 1884 में ही यहीं पर भारतेंदु ने हिन्दी नाटकों पर एक लम्बा व्याख्यान दिया था। उसी समय सत्य हरिश्चंद्र तथा नीलदेवी नाटकों का मंचन किया गया था। सत्य हरिश्चंद्र नाटक में भारतेंदु ने हरिश्चंद्र की भूमिका निभाई थी। इस नाटक के मंचन को उस क्षेत्र में अपार लोकप्रियता प्राप्त हुई थी। इस सन्दर्भ में गोपालराम गहमरी ने लिखा है कि पात्रों का हिन्दी का अत्यन्त शुद्ध उच्चारण हमने उसी समय हिन्दी में नाटक के स्टेज पर सुना था। समय के साथ-साथ हिन्दी रंगमंच में भी पूर्वापेक्षा अधिक परिपक्वता देखने को मिली। सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर नाटक लिखे गये। नाटकों के सम्वाद बोलचाल की भाषा में लिखे गये और अभिनय भी और सहज और स्वीकार्य होने लगा था। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अपने लम्बे व्याख्यान में इन परिवर्तनों को हिन्दी रंगमंच के लिये अच्छा संकेत बताया और हिन्दी रंगमंच के लिये इसे लाभदायी और उपयुक्त बताया।

हिन्दी रंगमंच का विकास प्रयाग और उससे आगे

हिन्दी रंगमंच के विकास में काशी के पश्चात प्रयाग के रंगमंच का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यहाँ के महत्वपूर्ण नाट्य मंच आर्य नाट्य सभा, श्री रामलीला नाटक मण्डली तथा हिन्दी नाट्य समिति प्रमुख मानी जाती थी। यहां के प्रमुख नाट्य मंच 'भारत नाट्य समिति' और 'भारतीय कला मंदिर' थे। वर्तमान में भी कानपुर की 'कानपुर अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स' तथा 'एम्बेसडर-संस्थाएं समकालीन नाटकों के मंचन में महत्वपूर्ण' भूमिका निभा रही हैं। बिहार में वर्ष 1876 में स्थापित पटना नाटक मण्डली तथा 'अमेच्योर ड्रामेटिक एसोसिएशन' प्रमुख नाट्य मंच रहे हैं। प्रयाग, कानपुर और पटना ही नहीं इसके बाद तो देश के सभी प्रमुख शहरों में हिन्दी रंगमंच का व्यापक प्रसार हुआ। देश की आजादी के पहले से मुम्बई में इप्टा (इंडियन पीपुल्स थियेटर एसोसिएशन) और पृथ्वी थियेटर्स का दबदबा था तो आजादी के बाद दिल्ली में 'राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय' के रूप में एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थान का प्रादुर्भाव हुआ और भाषाई रंगमंच का भी उम्मीद से अधिक विस्तार हुआ।

हिन्दी रंगमंच की स्थापना में काशी नरेश की थी महती भूमिका

हिन्दी रंगमंच की स्थापना में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका तत्कालीन काशी नरेश ईश्वरीप्रसाद नारायण सिंह ने निभाई। उन दिनों नाट्य क्षेत्र में ब्रितानी मॉडल ज्यादा प्रभावी थे। काशी की पारंपरिकता, आधुनिकता के दबाव से बचने की कोशिश में बीच का रास्ता खोज रही थी। तब आगे आये काशी के महाराज ईश्वरी प्रसाद नारायण सिंह। उन्होंने अपने दरबारी कवि गणेश को इस पर काम करने को कहा। गणेश ने जो नाटक लिखा वह पारंपरिक और छंदबद्ध था। महाराज संतुष्ट नहीं हुये। वह ऐसी परंपरा शुरू करना चाहते थे जो अंग्रेजी नाट्य प्रस्तुति का मुकाबला कर सके। तब उन्होंने यह जिम्मेदारी सौंपी पंडित शीतलाप्रसाद त्रिपाठी को। उन्होंने शास्त्रीय संस्कृत नाटक, पारंपरिक रामलीला और यूरोपीय नाट्य तत्वों को मिलाकर जानकी मंगल नाट्य तैयार किया। बाबू उश्वर्यनारायण प्रसाद सिंह ने रामलीला के कलाकारों संग रिहर्सल शुरू किया। प्रस्तुति का स्थान चुना गया। कैंटोनमेंट का असेंबली रूम्स एंड थियेटर। बाद में इसे रायल थिएटर के नाम से भी जाना गया।

जानकी मंगल नाटक में लक्ष्मण का प्रसंग

जानकी मंगल नाटक की प्रस्तुति के साथ जुड़ा यह प्रसंग भी रोचक है। प्रस्तुति के ठीक पूर्व लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाला लड़का बीमार पड़ गया। नाटक स्थगित होने की नौबत आ गई, तभी 18 वर्षीय युवा हरिश्चंद्र वहां पहुंचे, उन्होंने लक्ष्मण की भूमिका निभाने की बात कही।

महाराज ने इतने कम समय में संवाद याद होना असम्भव बताया तो उन्होंने घण्टे भर में संवाद याद कर सुना दिया और नाटक खेला गया। भारतेन्दु के मन में हिन्दी नाटक लेखन और उसके अभिनय का उत्साह जगा और उन्होंने खुद नाटक लिखना शुरू कर दिया। अपना नाट्य दल भी बनाया, जिसमें राधाकृष्ण दास, रविदत्त शुक्ल, दामोदर शास्त्री, पण्डित चिन्तामणि, पण्डित माणिक लाल जोशी आदि थे। उन्होंने वाराणसी और बलिया के दादरी मेले में नाट्य प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद तो काशी में नाटक करने के लिए नाट्य संस्थाओं का बनना आरम्भ हो गया। इस प्रकार एक प्रसंग ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को हिन्दी रंगमंच में शीर्षस्थ स्थान दिलवाया। हिन्दी रंगमंच में पहले परम्परा का दौर चला, फिर परिष्कार का दौर और अब प्रयोग का दौर चल रहा है मगर हर दौर में हिन्दी रंगमंच कुछ आगे ही बढ़ा है और हिन्दी रंगमंच यदि आज इतना समृद्ध है तो इसी अंदाज के बूते पर।

हिन्दी रंगमंच की श्रेष्ठता बरकरार है

हिन्दी रंगमंच में पहले हिन्दी नाटक के मंचन को लेकर काफी तर्क-वितर्क किये जाते हैं। सर्वमान्य तो यही है कि वर्ष 1868 में 3 अप्रैल को मंचित जानकी मंगल ही पहला हिन्दी नाटक था। लेकिन दूसरी तरफ कुछ लोग इस मामले पर हस्तक्षेप करते हुए यह भी कहते हैं कि वर्ष 1853 में नेपाल के भाटगांव में 'विद्याविलाप' नामक हिन्दी नाटक खेला गया था। जबकि कुछ लोगों का यह भी कहना है कि सन 1850 से 1860 के बीच लखनऊ में 'इंद्रसभा' और नवाब वाजिद अलीशाह के 'किस्सा राधा कन्हैया' का मंचन हुआ था। कुछ बताते हैं कि उन्हीं दिनों मुंबई में सांगलीकर नाटक मंडली ने 'गोपीचन्दोपाख्यान' (ओपेरा) का मंचन किया था। जो भी हो हिन्दी रंगमंच ने 1850 से 1870 के मध्य जो रंगकर्म का सफर तय किया, वह सराहनीय रहा। हिन्दी रंगमंच ने अपनी श्रेष्ठता समय-समय पर वैश्विक स्तर पर भी प्रमाणित की है। सच तो यह है कि हिन्दी रंगमंच और भाषाई रंगमंच के बीच हमेशा सामंजस्य के भाव ही रहे।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. ग्वालियर (म.प्र.)

दूरभाष - 0751-4008851, Email : apdpiugwalior@gmail.com

निविदा सूचना क्रमांक : 06/2022/सा./एपीडी/ग्वालियर, दिनांक : 07.03.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. एम.जे.एस. कॉलेज भिण्ड में पार्किंग सेड, मुख्य गेट का रिनोवेशन एवं पेवर ब्लॉक कार्य प्रथम आमंत्रण।

ऑनलाइन निविदा क्रमांक	पी.आई.यू. का जिला	ठेके की अनु. लागत लाख में	अमानत राशि रु.	निविदा फार्म का मूल्य रु.	कार्य पूर्ण करने के लिये समय
2022_PWPIU_193126_1	भिण्ड	21.37 लाख	42740/-	5000/-	02 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. सुकाण्ड जिला भिण्ड में आयुष औषधालय हेतु भवन निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण

2022_PWPIU_193144_1	भिण्ड	29.18 लाख	50000/-	5000/-	06 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. ग्वालियर के जे.ए.एच. कैम्पस में कार्डियोलॉजी ब्लॉक का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण

2022_PWPIU_192687_1	ग्वालियर	194.69 लाख	194690/-	12500/-	12 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. रेशम मिल जिला ग्वालियर में हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण

2022_PWPIU_192584_1	ग्वालियर	97.60 लाख	97600/-	10000/-	12 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. पी.आई.यू. ग्वालियर के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये सुपर विजन एवं क्वालिटी कंट्रोल सर्विस। तृतीय आमंत्रण।

2022_PWPIU_192439_1	ग्वालियर	9084.00 लाख	181680/-	12500/-	12 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. वैंहट ब्लॉक जिला ग्वालियर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु भवन निर्माण कार्य। तृतीय आमंत्रण।

2022_PWPIU_192313_1	ग्वालियर	131.00 लाख	131000/-	12500/-	12 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. ओहदपुर पहाड़ी पर ई.ओ.डब्ल्यू. क्वाटर्स एवं उच्च न्यायालय ग्वालियर के पीछे प्रस्तावित परिवार और अन्य न्यायालय हेतु सीमा दीवार का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण।

2022_PWPIU_192333_1	ग्वालियर	95.19 लाख	95190/-	10000/-	09 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. संयुक्त तहसील बड़ोनी के लिये गोदरेज कंपनी का फर्नीचर सप्लाई कार्य। द्वितीय आमंत्रण।

2022_PWPIU_192431_1	दतिया	61.57 लाख	61570/-	10000/-	03 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. बडागांव जिला टीकमगढ़ की संयुक्त तहसील कार्यालय में गोदरेज कंपनी का फर्नीचर सप्लाई कार्य। द्वितीय आमंत्रण।

2022_PWPIU_192419_1	टीकमगढ़	58.51 लाख	58510/-	10000/-	45 दिन

क्र. एवं कार्य का नाम :- 10. जौरा जिला मुरैना के संयुक्त तहसील कार्यालय में गोदरेज कंपनी का फर्नीचर सप्लाई कार्य। प्रथम आमंत्रण।

2022_PWPIU_192349_1	मुरैना	96.93 लाख	96930/-	10000/-	45 दिन

क्र. एवं कार्य का नाम :- 11. पी.आई.यू. छतरपुर के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये सुपर विजन एवं क्वालिटी कंट्रोल सर्विस। प्रथम आमंत्रण।

2022_PWPIU_192339_1	छतरपुर	7401.00 लाख	148000/-	12500/-	24 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :- 12. पी.आई.यू. छतरपुर के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये डी.पी.आर. तैयार करने हेतु कार्य। द्वितीय आमंत्रण।

2022_PWPIU_192331_1	छतरपुर	3000.00 लाख	60000/-	10000/-	24 माह

(1) निविदा से संबंधित डॉक्यूमेंट **website https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
(2) निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन पोर्टल पर ऑनलाइन किये जावेंगे, समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
(3) ऑनलाइन निविदा सबमिट करने की अंतिम दिनांक **07.04.2022**
(4) तकनीकी बिड खोलने का दिनांक 08.04.2022

अतिरिक्त परियोजना संचालक
जी-24330/46835/2022 **लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. ग्वालियर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जबलपुर

ई-मेल - eephedjab@nic.in, दूरभाष क्रमांक - 0761-2344814

निविदा क्रमांक 168-179/ब.ले.लि./का.यं./2021-22 **जबलपुर, दिनांक 22.03.2022**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार कार्यों की ऑनलाइन डिजिटल मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका अवलोकन वेबसाइट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किए जा सकते हैं।

Name of Work - Retrofitting Work of Piped Water Supply Scheme to achieve the target of JJM for supplying water at every doorstep through functional household tap connection (i.e. 100% FHTC's) in various Villages of Districts - JABALPUR

निविदा क्र./ दिनांक	सिस्टम क्र.	विकासखण्ड का नाम	निविदा की कुल लागत रु. लाख	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य की अवधि
168/22.03.2022	192240	Patan	367.40	367400/-	15000/-	09 Months
169/22.03.2022	192242	Panagar	342.82	342820/-	15000/-	09 Months
170/22.03.2022	192243	Panagar	338.86	338860/-	15000/-	09 Months
171/22.03.2022	192244	Shahpura	379.92	379920/-	15000/-	09 Months
172/22.03.2022	192245	Sihora	274.73	274730/-	15000/-	09 Months
173/22.03.2022	192246	Sihora	157.99	157990/-	12500/-	09 Months
174/22.03.2022	192316	Sihora	373.74	373740/-	15000/-	09 Months
175/22.03.2022	192321	Majholi	367.22	367220/-	15000/-	09 Months
176/22.03.2022	192325	Kundam	110.84	110840/-	12500/-	09 Months
177/22.03.2022	192327	Kundam	127.88	127880/-	12500/-	09 Months
178/22.03.2022	192328	Kundam	234.04	234040/-	15000/-	09 Months
179/22.03.2022	192340	Jabalpur	212.88	212880/-	15000/-	09 Months

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि :- **06.04.2022** समय 17.30 बजे तक
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि :- 06.04.2022 समय 17.30 बजे तक
ऑनलाइन दर खोलने की अंतिम तिथि :- 08.04.2022 समय 11.00 बजे

कार्यपालन यंत्री
जी-24315/46832/2022 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जबलपुर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक-1 रीवा
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 22/2021-2022 **रीवा, दिनांक : 21.03.2022**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	1. अमानत राशि 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य	1. निविदा आमंत्रण क्र. 2. कार्यावधि सहित/छोड़कर
1.	PWDRB 191903	उपसंभाग मनगवां मऊगंज एवं त्यौंथर के अंतर्गत मार्गों के डिपाजिट कार्य (सांसद, विधायक निधि) बी.टी. रिन्यूवल एवं ओ.बी.टी. का कार्य (जोनल कार्य)	439.47	1. 439470/- 2. 15000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. 12 माह
2.	PWDRB 191904	उपसंभाग क्रमांक-1 एवं क्रमांक-3 के अंतर्गत मार्गों के डिपाजिट कार्य (सांसद, विधायक निधि) बी.टी. रिन्यूवल एवं ओ.बी.टी. का कार्य (जोनल कार्य)	440.92	1. 440920/- 2. 15000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. 12 माह
3.	PWDRB 191905	इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा में कंस्ट्रक्शन ऑफ रैम्प का निर्माण कार्य उपसंभाग क्रमांक-3 रीवा (डिपाजिट कार्य)	22.84	1. 45680/- 2. 5000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह
4.	PWDRB 191906	इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा में कंस्ट्रक्शन ऑफ अतिरिक्त क्लॉस रूप ओव्हर प्रथम तल, बैडमिंटन हॉल का निर्माण कार्य उपसंभाग क्रमांक-3 रीवा (डिपाजिट कार्य)	28.61	1. 50000/- 2. 5000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह
5.	PWDRB 191908	वकाया निर्माण कार्य मजबूतीकरण के अंतर्गत अमहा पहुंच मार्ग 1.30 कि.मी. सरई पहुंच मार्ग 1.50 कि.मी. क्योटी से भैरव बाव पहुंच मार्ग 1.20 कि.मी. कुल लंबाई 4.00 कि.मी. उपसंभाग मनगवां।	21.01	1. 42020/- 2. 5000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह
6.	PWDRB 191909	उपसंभाग क्रमांक-3 के अंतर्गत उपखण्ड इंजीनियरिंग कॉलेज में फेस लिफ्टिंग एवं खिड़की का कार्य। (डिपाजिट कार्य)	5.11	1. 10220/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह
		कुल योग	**957.96**		

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 05.04.2022** सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-24310/46831/2022 **लो.नि.वि. संभाग क्र.1 रीवा**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 133/2021-22/एस.ए.सी./का.यं./लो.स्वा.यां.वि./राजगढ़, दिनांक : 21.03.2022

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर आमंत्रित की गई है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ के निम्नलिखित ग्रामों में नवीन कार्य जिसमें पाइप लाइन, टंकी, सम्पवेल, नल कनेक्शन, विद्युत कार्य की निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है।

निविदा क्र./ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	रिमार्क
133/ 21-22 दि. 28.02. 2022	2022_ PHED_ 192105	नरसिंहगढ़	राजगढ़ जिले के विकास खण्ड नरसिंहगढ़ के ग्राम इकलेरा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग एवं नवीन पाइप लाइन, टंकी, सम्पवेल नल कनेक्शन विद्युत कार्य समस्त सामग्री मजदूरी सहित सम्पूर्ण कार्य।	251.74	251740/-	15000/-	6 माह (वर्षाकाल सहित)	

ऑनलाइन निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि - **11.04.2022**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि - 13.04.2022

कार्यपालन यंत्री
जी-24352/46836/2022 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड विदिशा (म.प्र.)

ई-मेल : eephvid@mp.nic.in, फैक्स : 07592-250663, टेलीफोन : 07592-250663

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 25/नि.प्र./खण्ड विदिशा/लोस्वायांवि/2021-22/ विदिशा, दिनांक : 21.03.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

Affiliated to DAVV Indore & Approved by Higher Education Department Government of MP, Bhopal.
REQUIRES
under college code 28
ASSISTANT PROFESSOR/LIBRARIAN
Qualification, Experience, Eligibility & Salary as per UGC/AICTE Norms.
Interested candidates should mail their resume to **admin@dcbm.edu.in** within 7 days from this advertisement.
(Tel.: 0731-2710131)
R-46859
deepak

मध्यप्रदेश में 2 से 11 मई तक मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

भोपाल, प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना में अब तक लगभग 43 लाख बेटियों को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस योजना का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया है। योजना के दूसरे चरण की शुरुआत 2 मई से की जाकर 11 मई तक लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जायेगा। उत्सव के आयोजन की रणनीति एवं रूपरेखा तैयार करने के लिए भोपाल स्थित मंत्रालय में तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया और संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुश्री उषा ठाकुर की उपस्थिति में मंत्री समूह समिति की बैठक हुई। खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने 2 से 11 मई तक होने वाले लाड़ली लक्ष्मी उत्सव की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने योजना के महत्व की जानकारी पंचायत स्तर तक पहुँचाने होर्डिंग्स और पंचायत भवनों पर डिजिटल वॉल पेंटिंग कराने का सुझाव भी दिया।

संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने अपराजिता कार्यक्रम में किशोरियों को लाठी चलाने और तलवार बाजी का प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया। अपर मुख्य सचिव महिला-बाल विकास श्री अशोक शाह ने बताया कि लाड़ली उत्सव के दौरान सृजनात्मक स्पर्धाओं, देशी खेलों की प्रतियोगिता, किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण आदि कार्यक्रम किये जायेंगे।

भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप भावी पीढ़ी को करें तैयार

भोपाल, शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप भावी पीढ़ी को तैयार करना उनका दायित्व है। आजादी के लिए बलिदान देने वालों के त्याग और संघर्ष से युवा पीढ़ी को परिचित कराने के प्रयास जरूरी हैं। ये बातें राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने इन्फोटेक एजुकेशन सोसाइटी समूह के 23वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री मंगुभाई पटेल ने कहा इस वर्ष देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, जिसका उद्देश्य है कि हमारी भावी पीढ़ी और युवाओं को हमारे अतीत के संघर्ष और गौरव की जानकारी प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा समर्थ, सशक्त और समृद्ध राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को तैयार करने का प्रयास नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में किया गया है। उन्होंने बंधन मुक्त शिक्षा की व्यवस्था करके युवाओं को अपने हौसलों से अपने सपने साकार करने का मौका दिया है। शिक्षा संस्थान और शिक्षकों का दायित्व है कि भविष्य की चुनौतियों के अनुसार शिक्षा और शिक्षण पद्धति विकसित करें। इसके लिए जरूरी है कि शिक्षा में ज्ञान के साथ संवेदनशीलता और संस्कार देने के लिए पाठ्यक्रम को ज्ञान और मूल्य केन्द्रित बनाया जाए। विद्यार्थियों के कौशल उन्नयन के साथ उनमें नेतृत्व और उद्यमिता के गुणों का भी विकास किया जाए।

अध्यक्ष मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग डॉ. राजेश लाल मेहरा ने कहा कि सुव्यवस्थित समाज के लिए शिक्षा का संस्कारित होना जरूरी है। शिक्षा आधुनिक ज्ञान, तकनीक के साथ भी संस्कारों से जोड़ने वाली होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समरस समाज के लिए संवेदनशीलता का होना जरूरी है।

अध्यक्ष निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग डॉ. भरत शरण सिंह ने कहा कि शिक्षा की समग्रता के लिए शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों पर बल दिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में इस पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र का भविष्य होते हैं। अतः जरूरी है कि शिक्षा उनमें चारित्रिक गुणों, आत्मविश्वास, दृढ़ता और अध्ययन शीलता के गुणों का विकास करें। उन्होंने युवाओं को प्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चंद्रन और पर्वतारोही अरूणिमा सिन्हा का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन की चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करना चाहिए।

कुलाधिपति श्री बी.एस. यादव ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि एक नेक उद्देश्य से प्रारम्भ किए गए प्रयासों को निःस्वार्थ सहयोग मिलता है। उसका प्रमाण आई.ई.एस. संस्था का विकास है। वंचित और जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए हैं। आई.ई.एस. समूह में 60 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत और 15 हजार बच्चे अध्ययनरत हैं। केंद्र सरकार के सहयोग से कौशल विकास उन्नयन का कार्य प्रारम्भ किया गया है, जिसमें 7 वर्षों में 25 हजार युवाओं का कौशल उन्नयन होगा।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में अब दिए जाएंगे 55 हजार रुपये

मध्यप्रदेश में दो मई से आरंभ होगी लाड़ली लक्ष्मी योजना-2

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पचमढ़ी में चिंतन बैठक को संबोधित करते हुये।

नर्मदापुरम, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में दी जाने वाली राशि को 51 हजार से बढ़ाकर 55 हजार रुपये किया जाएगा। योजना में बेटियों को गृहस्थी का सामान भेंट स्वरूप प्रदान करेंगे। लाड़ली लक्ष्मी योजना-2 के प्रारूप को अंतिम रूप देने के लिए मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर, सुश्री मीना सिंह तथा श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया को दायित्व सौंपा गया है। यह योजना दो मई को आरंभ की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदापुरम जिले में स्थित पचमढ़ी में चिंतन बैठक को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों की 3 से 11 जनवरी में आयोजित समीक्षा बैठकों में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग, बजट व्यय का समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित कर निश्चित समयावधि में योजनाओं का क्रियान्वयन और उसकी समीक्षा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 48 हजार करोड़ रुपये की लागत के निर्माण कार्य होना है। निर्माण कार्य के लिए पीआईयू सहित प्रतिष्ठित तथा अच्छी साख वाली संस्थाओं को सूचीबद्ध किया जाए। इनमें भारत सरकार की संस्थाओं को भी सम्मिलित किया जाए। प्रदेश में आगामी समय में होने वाले निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए इन एजेंसियों को भी दायित्व सौंपने पर विचार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों को पेटी कॉन्ट्रेक्टर को देने की प्रक्रिया का नियमन और नियंत्रण आवश्यक है। समस्त निर्माण विभागों को इस पर चिंतन-मनन कर अन्य राज्यों में चल रही व्यवस्था का आकलन कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। श्री चौहान ने लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित सर्किट हाउस तथा विश्राम गृहों के संचालन के लिए भी कार्य-योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत कार्यालयों के डिजिटिलाइजेशन की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय जांच, पेंशन प्रकरण आदि का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपने के अनुरूप देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मध्यप्रदेश के योगदान का स्पष्ट रोडमैप बनाकर उसे समय-सीमा में क्रियान्वित किया जाए। मुख्यमंत्री ने भामाशाह योजना पुनः आरंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में कम राजस्व प्राप्त करने वाले विभागों को राजस्व प्राप्ति में वृद्धि के प्रयास करने के निर्देश भी दिए गए।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में 8 हजार 700 पटवारियों को लैपटॉप उपलब्ध कराए जा चुके हैं। लैण्ड टाइटलिंग का कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि संबंधी मामलों के निराकरण में ड्रोन की मदद ली जाए। प्रदेश में डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सायबर तहसील स्थापित की जाए। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना की प्रगति की जानकारी भी दी गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर गांव में खेल मैदान विकसित किया जाए। भूमि चिन्हित करने अभियान चलाया जाए और मनरेगा के अंतर्गत खेल मैदान विकसित किये जाएं। बैठक में जानकारी दी गई कि हर्बल उत्पादों के व्यापार से बिचौलियों को हटाने के लिए वेब पोर्टल विकसित किया गया है और उत्पादों के विक्रय के लिए प्रत्येक जिले में सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वन क्षेत्र को अतिक्रमण से बचाने तथा उनके बेहतर प्रबंधन के लिए रहवासियों की सहभागिता से गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

सितम्बर 2022 तक निःशुल्क होगा अतिरिक्त खाद्यान्न वितरण - खाद्य मंत्री

भोपाल, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में गरीबों को निःशुल्क अतिरिक्त खाद्यान्न का वितरण सितम्बर 2022 तक किया जाएगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि केंद्रीय खाद्य एवं लोक वितरण विभाग द्वारा सभी प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखा गया है।

श्री सिंह ने बताया कि कोरोना संक्रमण के दौरान प्रारंभ की गई इस योजना में मार्च 2022 तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है, जिसमें 5 किलोग्राम प्रतिमाह, प्रति व्यक्ति के मान से निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न का लाभ प्रदेश के 4 करोड़ 99 लाख हितग्राहियों को मिल रहा है।

खाद्य मंत्री ने कहा कि 'वन नेशन-वन राशन कार्ड' योजना में प्रवासी हितग्राही पोर्टेबिलिटी की सुविधा का लाभ अधिक से अधिक प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना में राशन की दुकानों से गैर फोर्टिफाइड चावल का ही वितरण किया जा सकेगा।

भोपाल-चेन्नई फ्लाइट से प्रदेश के विकास को गति मिलेगी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल-चेन्नई फ्लाइट के शुभारंभ कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुये।

भोपाल, भोपाल से चेन्नई फ्लाइट का शुभारंभ होने से प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। पूरे देश को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने का कार्य नागर विमानन मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। रीजनल एयर कनेक्टिविटी के तहत प्रदेश के विभिन्न शहर वायु सेवा से जोड़े जा रहे हैं। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भोपाल-चेन्नई फ्लाइट के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर फ्लाइट का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री सिंधिया ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में यूक्रेन से 23 हजार भारतीय छात्र-छात्राओं को वापस लाकर अद्भुत कार्य किया है। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया से पचमढ़ी में हवाई पट्टी बनाने की मांग रखी। उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना के तहत बुजुर्गों को विमान से तीर्थ-यात्रा कराने का प्रस्ताव भी रखा।

श्री सिंधिया ने कहा कि भोपाल भारत का हृदय स्थल है। यह राजा भोज और झीलों की नगरी है। देश के दो प्रमुख शहरों भोपाल से चेन्नई फ्लाइट शुभारंभ होने से निश्चित ही विकास को नई गति मिलेगी। भोपाल अभी तक देश के पांच शहरों से जुड़ा था।

चेन्नई फ्लाइट शुरू होने से यह छठवां शहर होगा। यह सप्ताह में तीन दिन की फ्लाइट होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना है कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज में सफर करे। इसे हम उड़ान योजना से पूरा कर रहे हैं। उन्होंने खजुराहो में फ्लाइट ट्रेनिंग स्कूल शुरू कराने एवं इंदौर एयरपोर्ट के विस्तार की बात भी कही।

पायलट प्रोजेक्ट

विदिशा में प्रारंभ होगी ग्रामीण परिवहन सेवा - परिवहन मंत्री

परिवहन नीति के तहत रूरल ट्रांसपोर्ट क्रेडिट मॉडल होगा लागू

भोपाल, परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि ग्रामीण परिवहन नीति के तहत रूरल ट्रांसपोर्ट क्रेडिट मॉडल को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पचमढ़ी में आयोजित चिंतन शिविर में माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू परिवहन व्यवस्था के संबंध में परिवहन नीति बनाए जाने के निर्देश दिए थे। उनकी मंशा के अनुरूप ग्रामीण परिवहन नीति के तहत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विदिशा के रूरल क्षेत्रों में परिवहन सेवा मुहैया कराई जाएगी।

श्री राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बंद हो जाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन को व्यवस्थित किए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में चल रही निजी वाहनों एवं मिनी यात्री वाहनों में ओवर लोडिंग मनमाने समय पर वाहनों के संचालन जैसी अनेक शिकायतें सामने आई हैं। नई ग्रामीण परिवहन नीति से इन समस्याओं से ग्रामीणों को निजात मिलेगी वहीं ग्रामीणों को परिवहन सुविधा मिल सकेगी। इस योजना के तहत ग्रामीण मार्गों पर चलने वाले वाहनों को यात्री मोटर यान कर में छूट प्रदान की जाएगी।

विदिशा मॉडल की सफलता के बाद इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इस योजना में एक ट्रायबल जिले को भी शामिल किया जाएगा। इस मार्गों पर परिवहन का संचालन इस प्रकार किया जाएगा कि मुख्य मार्ग पर चलने वाले बड़े वाहनों की टाइमिंग के साथ छोटे मार्गों पर चलने वाले छोटी बसों की टाइमिंग कनेक्टिविटी की जाएगी। ग्रामीण मार्गों पर फिलहाल 20 सीटर क्षमता वाल छोटी बसों का संचालन किया जाएगा।

बस ऑपरेटरों को मिलेंगे क्रेडिट अंक

परिवहन मंत्री ने बताया कि यात्री बसों के संचालन के लिए बस ऑपरेटरों को क्रेडिट अंक प्रदान किए जाएंगे। जिसके तहत बस ऑपरेटरों को जितने क्रेडिट अंक प्राप्त होंगे उसके आधार पर उस ऑपरेटर की साधारण मार्ग पर चल रही बसों पर मिले क्रेडिट अंक के तय अनुपात में उस ऑपरेटर को मासिक मोटर कर यान में भी थोड़ी राहत दी जाएगी। क्रेडिट अंक के लिए ऑपरेटर को लगातार वाहनों का संचालन लगातार 6 महीने ग्रामीणों क्षेत्रों में करना होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

रोज़गार योजनाओं के लक्ष्य को मिशन मोड में करें हासिल

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में राज्य स्तरीय बैंकर समिति की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, स्व-रोज़गार योजनाओं के लक्ष्य हासिल करने और प्रगति बढ़ाये जाने के लिए बैंकर्स मिशन मोड में कार्य करें। स्व-रोज़गार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया जाये। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 181वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुये कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में पढ़े-लिखे बेरोज़गार युवाओं को लाभान्वित करने के लिए अधिकाधिक प्रयास करें। गरीब एवं जरूरतमंद युवाओं को इसका लाभ मिले। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि योजना में हितग्राही को दी गई राशि की किश्त नियमित भरवायें, जिससे अगली किश्त की राशि जारी की जा सके।

श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना से लोगों की जिंदगी में बदलाव आये। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में इस वर्ष 28 लाख 72 हजार हितग्राहियों को 16 हजार 302 करोड़ रुपये का ऋण वितरित हुआ। उन्होंने कहा कि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया सरल बनायी जाये, जिससे लोगों को कोई परेशानी नहीं हो। विभिन्न स्व-रोज़गार योजनाओं का लाभ देने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लक्ष्य पूरा करने में कोई कसर न छोड़ें। मिशन मोड में लक्ष्य पूरा करें। उन्होंने बैंकों द्वारा कम लक्ष्य हासिल करने पर असंतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को स्व-रोज़गार से जोड़कर उनका सशक्तिकरण करना हमारा लक्ष्य है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी महिला सशक्तिकरण पर लगातार जोर दे रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का टारगेट इसी वित्तीय वर्ष में पूरा हो जाये। उन्होंने एचडीएफसी बैंक को अच्छा कार्य करने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालकों एवं मत्स्यपालकों को केसीसी प्रदान करने की प्रगति बढ़ाई जाए। दूध और मछली उत्पादन में नई क्रांति लाने की कोशिश करें। राष्ट्रीय पशुधन मिशन बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल एवरेज को ध्यान में रखकर बैंकों के टारगेट तय हों। इसमें पीछे नहीं रहें।

मुख्यमंत्री ने वार्षिक साख योजना की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक क्षेत्र को फोकस कर ऋण स्वीकृत किए जाएं। गरीबों को अधिकाधिक लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स को सीडी रेशियो बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रदेश में 40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले 7 जिले हैं।

श्री चौहान ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य में कमी पाये जाने पर बैंक को अगले वित्तीय वर्ष में वह लक्ष्य अतिरिक्त रूप से हासिल करना होगा। उन्होंने कहा कि बैंक को आवंटित लक्ष्य के सम्बंध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एक सप्ताह के भीतर अपनी आपत्ति सम्बंधित विभाग, संचालनालय संस्थागत वित्त तथा एसएलबीसी को सूचित किया जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना को सार्थक बनायें। योजना में प्रॉपर्टी कार्ड धारकों को अप्रैल माह से बैंक ऋण उपलब्ध करायें। प्रधानमंत्री की मंशा पूरी करने के लिए सरकारी नौकरी के अलावा स्व-रोज़गार पर भी ध्यान दें। बैंकों के सहयोग से रोज़गार के अवसर सृजित हों। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना शिक्षित बेरोज़गार युवाओं के लिए संजीवनी की भांति कार्य करे। बैंक सखी बनाने पर भी बैंकर्स ध्यान दें। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को अधिकाधिक ऋण उपलब्ध करायें। बैंक लिंक योजना से सभी शासकीय विभाग जुड़ें।

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के लिए मंत्री समूह गठित

भोपाल, राज्य शासन ने प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के आयोजन की रणनीति एवं रूपरेखा तैयार करने के लिए मंत्री-समूह का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में खेल एवं युवा कल्याण तथा तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह मांडवे और पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर को मंत्री समूह में शामिल किया गया है। अपर मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्री समूह के सदस्य सचिव होंगे।

सीएम राइज स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में लाएंगे क्रांति - मुख्यमंत्री

नर्मदापुरम, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में नर्मदापुरम जिले स्थित पचमढ़ी में चल रही मंत्रिपरिषद की चिंतन बैठक में सीएम राइज स्कूल तथा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में विचार-विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम राइज स्कूल, शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति है। जन-सामान्य में शासकीय स्कूलों की साख स्थापित करने और सीएम राइज स्कूल के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी पहुंचाने के लिए विशेष रूप से मंत्री समूह गठित किया गया। मंत्री समूह द्वारा जनता से सुझाव प्राप्त कर अनुशंसाएं प्रस्तुत की गई हैं। प्रदेश में विभिन्न स्थान पर सीएम राइज स्कूल एक साथ आरंभ किए जाएंगे। स्कूल बनाने के लिए आवश्यक भूमि राज्य शासन उपलब्ध कराएगा। शिक्षकों का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने तथा आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के उपरांत ही, सीएम राइज स्कूल आरंभ किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं का बेहतर संचालन सुनिश्चित करना आवश्यक है।

सीएम राइज स्कूल के संबंध में सुझाव

- सीएम राइज स्कूल के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराना राज्य शासन की जिम्मेदारी है। आवश्यकता पड़ने पर अधिग्रहण कर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।
- सीएम राइज स्कूल आदर्श रूप में आरंभ होंगे।
- सीएम राइज स्कूल के भवनों का निर्माण एक समान डिजाइन अनुसार किया जाएगा।
- प्रत्येक विद्यालय के नाम के आगे क्षेत्र के महापुरुषों के नाम जोड़े जाएंगे।
- स्कूलों में स्मार्ट क्लास, लैब, खेल के मैदान, लायब्रेरी आदि की व्यवस्था होगी।
- नई शिक्षा नीति के प्रावधानों को लागू किया जाएगा।
- इन स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों से अन्य शासकीय कार्य नहीं लिया जाएगा।
- स्कूलों का परफार्मेंस ऑडिट सुनिश्चित किया जाएगा तथा पढ़ाई की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहेगी।
- सीएम राइज स्कूलों में कौशल संवर्धन से संबंधित कोर्स संचालित किए जाएंगे। इन स्कूलों में खेल शिक्षक आवश्यक रूप से रखे जाएंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में सुझाव

- मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों को सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में विकसित किया जाएगा।
- सिविल और जिला चिकित्सालयों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक स्टाफ और संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।
- संजीवनी क्लीनिकों को सशक्त किया जाएगा।
- गंभीर बीमारियों की पहचान के लिए जिला स्तर पर कैम्प लगाए जाएंगे।
- चिन्हित व्यक्तियों को आवश्यक इलाज के लिए रैफर किया जाएगा।

सीएम राइज स्कूल के संबंध में गठित समिति में मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, श्री इंदर सिंह परमार, श्री राम किशोर कांवरे और श्री भारत सिंह कुशवाह सम्मिलित थे।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

ग्रामीण अंचलों में लोक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने की मंजूरी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में लोक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित आर.टी.सी. मॉडल को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विदिशा जिले में एक मई 2022 से 6 माह तक के लिए क्रियान्वित करने तथा मॉडल के अंतर्गत संचालित होने वाले वाहनों के लिए सम्बंधित अधिनियम एवं नियमों में शिथिलता देने का अनुमोदन दिया गया। मध्यप्रदेश मोटरयान नियम, 1994 के नियम 116क के उपनियम (3) में शिथिलता प्रदान करते हुए ग्रामीण मार्ग पर 7+1 से 20+1 बैठक क्षमता के वाहनों का संचालन, ग्रामीण परिवहन सेवा के लिए संचालित वाहनों पर मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1991 में देय मासिक मोटरयान कर में पूर्णतः छूट और ग्रामीण परिवहन सेवा के रूप में निरंतर 6 माह तक संचालित वाहनों के संचालकों द्वारा अर्जित किए गए रूरल ट्रांसपोर्ट क्रेडिट (आरटीसी) के विरुद्ध निर्धारित मूल्यानुसार प्रोत्साहन राशि का आगामी छमाही में वाहन संचालक को प्रदाय किया जाना शामिल है। इस सम्बन्ध में सभी कार्यवाही परिवहन विभाग द्वारा की जायेगी। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- मंत्रिपरिषद ने रीवा जिले की सेमरिया माइक्रो सिंचाई परियोजना लागत राशि 158 करोड़ 6 लाख रुपये, सिंचाई क्षमता 9 हजार हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। परियोजना के निर्माण होने से सेमरिया तहसील के 86 ग्रामों की 9 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में भूमिगत दबावयुक्त पाइप वितरण प्रणाली सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।
- मंत्रिपरिषद ने सामाकोटा बैराज लागत राशि 188 करोड़ 42 लाख रुपये, सिंचाई क्षमता 6 हजार हेक्टेयर रबी सिंचाई के लिये प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। परियोजना से उज्जैन जिले की तहसील महिदपुर के 15 ग्रामों को भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई दबाव (स्प्रिंकलर) पद्धति से सिंचाई लाभ प्राप्त होगा।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तात्कालिक/अस्थाई व्यवस्था लागू किये जाने का अनुमोदन किया। ऐसे जिलों में जहां रेत नियम 2019 में ठेके समर्पित/निरस्त हुए हैं, वहां की समस्त रेत खदानों को कलेक्टर द्वारा 10 दिवस की ई-नीलामी से छोटे समूह बनाकर निर्वतन किया जाएगा।
- प्रथम बार ई-नीलामी की प्रक्रिया असफल होने पर दूसरी बार की ई-नीलामी के लिए 5 दिवस की सूचना जारी की जाएगी।
- जिला कलेक्टर, जिले की भौगोलिक स्थिति एवं राजस्व सीमा के आधार पर छोटे समूह बनाकर ई-नीलामी कर सकेंगे। ई-नीलामी के लिए ऐसी खदानों को वरीयता दी जायेगी, जिनमें वैधानिक स्वीकृतियां यथा माइनिंग प्लान/ई.सी./सी.टी.ओ. स्वीकृत है।
- ई-नीलामी का प्रारंभिक मूल्य संबंधित जिले की निरस्त/समर्पित ठेके की निविदा की प्रचलित दर (रुपये प्रति क्यूबिक मीटर) रखी जायेंगी। यह नीलामी 3 माह अथवा समूह के नवीन ठेकेदार द्वारा अनुबंध निष्पादन, जो भी पहले हो, के लिए की जायेगी।
- इसके अतिरिक्त रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में तात्कालिक/अस्थाई व्यवस्था लागू किये जाने के लिये अन्य तकनीकी सुधार भी किये गये हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि सी.एम. जनसेवा-181 से लोक सेवा गारंटी में राजस्व विभाग की कम्प्यूटरीकृत राजस्व अभिलेख की प्रतिलिपि मोबाइल पर प्रदाय की जा रही है। इस सेवा के लिये मात्र 10 रुपये प्रति पृष्ठ फीस रखी जायेगी।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में देवारण्य योजना को लागू करने का अनुमोदन किया। 'देवारण्य योजना' प्रदेश में 11 विशेष पादप उत्पादक क्षेत्रों का निर्धारण कर इन क्षेत्रों का विकास कर औषधीय तथा सुगंधित पौधों के उत्पादन, भण्डारण, विपणन की वैल्यू चेन निर्मित करने के उद्देश्य से क्रियान्वित की जायेगी।
- मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री के विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद स्थापित करने एवं हित लाभ वितरण के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए नवीन योजना 'कार्यक्रम आयोजन एवं प्रबंधन' प्रारंभ करने का निर्णय लिया। इससे कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा होगी। साथ ही जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जा सकेगा।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2022 के प्रारूप का अनुमोदन किया। विधेयक में प्रेस्टीज विश्वविद्यालय इंदौर, टाइम्स विश्वविद्यालय, भोपाल, डॉ. प्रीति ग्लोबल विश्वविद्यालय शिवपुरी एवं एल.एन.सी.टी. विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर को स्थापित करने के अध्यादेश को पुरःस्थापित किया गया है।
- मंत्रिपरिषद ने भांग, भांगघोटा एवं भांग मिठाई की फुटकर बिक्री की दुकानों के वर्ष 2021-22 के निर्धारित वार्षिक मूल्य में 10 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए वर्ष 2022-23 के लिये आरक्षित मूल्य निर्धारित किया है। इन मालों की ड्यूटी दर वर्तमान में 100 रुपये प्रति किलोग्राम एवं भिन्न अनुज्ञप्तिधारी संस्थाओं के लिये भांग की ड्यूटी दर वर्तमान में 200 रुपये प्रति किलोग्राम को वर्ष 2022-23 के लिये यथावत रखने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा सहकारिता विभाग की सहकारी सोयावीन प्र-संस्करण संयंत्र, बनापुरा, जिला होशंगाबाद, मध्यप्रदेश स्थित परिसम्पत्ति पर स्थापित प्लांट एवं मशीनरी को स्क्रेप के रूप में निर्वर्तन किए जाने के लिए एच-1 निविदाकार द्वारा निविदा बोली मूल्य का 100 प्रतिशत जमा करने के उपरांत विक्रय अनुबंध की कार्यवाही मध्यप्रदेश राज्य तिलहन उत्पादक सहकारी संघ के परिसमापक, संयुक्त आयुक्त सहकारिता द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा राजस्व विभाग की चाचौड़ा, जिला गुना स्थित भूमि परिसम्पत्ति के निर्वर्तन के लिये H-1 निविदाकार द्वारा निविदा बोली मूल्य का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद परिसम्पत्ति के निर्वर्तन हेतु अनुबंध/रजिस्ट्री के निष्पादन की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में हर गरीब के सर पर होगी पक्की छत

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का संकल्प है कि प्रदेश का कोई भी गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा। हर व्यक्ति का अपना पक्का मकान होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में वर्ष 2024 तक हर व्यक्ति को पक्का आवास उपलब्ध करा दिया जायेगा। मुख्यमंत्री के इसी संकल्प को पूरा करने के लिये प्रदेश में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस योजना में तेजी से कार्य जारी है और इसके अच्छे परिणाम सामने आये हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी प्रदेश के 5 लाख 21 हजार हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में गृह-प्रवेश (वर्चुअल) कराया। प्रदेश में अभी तक इस योजना में 24 लाख 10 हजार से अधिक आवास पूर्ण कराये जा चुके हैं। वर्ष 2016-17 में योजना में 152 आवास पूर्ण हुए थे, वर्ष 2017-18 में 6 लाख 36 हजार, वर्ष 2018-19 में 6 लाख 79 हजार, वर्ष 2019-20 में 2 लाख 71 हजार, वर्ष 2020-21 में 2 लाख 60 हजार एवं वर्ष 2021-22 में 5 लाख 41 हजार से अधिक प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कराये जा चुके हैं। योजना के अंतर्गत प्रोजेक्ट में बैगा, सहरिया एवं भारिया जनजातियों के स्वीकृत आवासों में से 23 हजार से अधिक आवास पूर्ण कराये जा चुके हैं।

भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल, 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) देश में शुरू की गई। इसमें सभी पात्र बेघर परिवारों एवं कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को वर्ष 2024 तक पक्का आवास उपलब्ध कराया जायेगा, जिनमें सभी बुनियादी सुविधाएं होंगी।

योजना में हितग्राही का चयन सामाजिक, आर्थिक एवं जाति जनगणना-2021 की सर्वे सूची के आधार पर किया जाता है। योजना में समतल क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों को एक लाख 20 हजार रुपये प्रति आवास एवं आईपीए जिलों (इंटीग्रेटेड एक्शन प्लान फॉर ट्राइबल एण्ड बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट) में एक लाख 30 हजार रुपये प्रदान किये जाते हैं। आवास स्वीकृत होने पर 25 हजार रुपये की पहली किश्त, प्लिंथ स्तर पर 40-45 हजार रुपये की दूसरी किश्त, लिंटल स्तर पर 40-45 हजार रुपये की तीसरी किश्त तथा आवास पूर्ण होने पर 15 हजार रुपये की चौथी किश्त दी जाती है। साथ ही शौचालय निर्माण के लिये 12 हजार रुपये अतिरिक्त रूप से दिये जाते हैं। मनरेगा योजना में आवास के हितग्राही को 90 से 95 दिन की मजदूरी का भुगतान भी किया जाता है।

सामाजिक, आर्थिक एवं जाति जनगणना-2021 की सर्वे सूची में छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास दिलवाने के लिये आवास प्लस योजना शुरू की गई है। इसमें प्रदेश में छूटे हुए 31 लाख 36 हजार परिवारों का नाम जोड़ा गया है, जिन्हें भारत सरकार की गाइड-लाइन अनुसार आवास दिये जा सकेंगे।

प्रदेश में अभ्युदय नवाचार के माध्यम से ऐसे ग्राम अथवा ग्राम पंचायतें, जहां 100 से अधिक आवास बन रहे हैं, वहां विभिन्न योजनाओं को जोड़कर एकीकृत कार्य-योजना बनाई जाती है, जिससे ग्राम एवं ग्रामीणों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसमें सामुदायिक और व्यक्तिगत अधोसंरचना निर्माण, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका सुदृढ़ीकरण आदि कार्य किये जाते हैं। अभ्युदय नवाचार में पूरे प्रदेश में अभी तक 2731 ग्रामों का चिन्हांकन किया गया है, जिनमें से 1668 ग्रामों के सर्वांगीण विकास की विस्तृत कार्ययोजना बनाई जा चुकी है।

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास निर्माण में फ्लाई ऐश ब्रिक्स के उपयोग के लिये हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। ये ईंटें गुणवत्तापूर्ण और सस्ती होती हैं। प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को भी आवास निर्माण के कार्य से जोड़ा गया है।

तीन माह में 13 लाख 63 हजार युवाओं को स्व-रोज़गार सहायता

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रीवा के एसएएफ मैदान में राज्य स्तरीय रोज़गार दिवस सम्मेलन में सम्मिलित हुये।

रीवा, मध्यप्रदेश में हर माह एक दिन रोज़गार दिवस मनाया जा रहा है। सरकार ने जनवरी से अब तक तीन माहों में 13 लाख 63 हजार युवाओं को विभिन्न योजनाओं में बैंकों के माध्यम से रोज़गार के लिए ऋण एवं अनुदान उपलब्ध कराया है। पूरे प्रदेश में रोज़गार दिवस मनाकर तीन लाख 33 हजार युवाओं को रोज़गार का अवसर दिया जा रहा है। आजीविका मिशन की बहनें भी बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। इनकी आमदनी हर महीने 10 हजार करने के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। स्व-रोज़गार के साथ-साथ हम हर वर्ष एक लाख व्यक्तियों को शासकीय सेवा का अवसर देंगे। पुलिस की भर्ती में अब 50 प्रतिशत अंक केवल फिजिकल के होंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अधिक अवसर मिलें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा के एसएएफ मैदान में राज्य स्तरीय रोज़गार दिवस सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने रीवा जिले की सभी लंबित परियोजनाएं शीघ्र पूरी करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा की हवाई पट्टी के विस्तार के लिए केंद्र सरकार ने राशि मंजूर की है। राज्य सरकार अब इस हवाई पट्टी को विकसित हवाई अड्डा बनाएगी। हवाई सेवा शुरू होने से रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य में निवेश बढ़ेगा।

श्री चौहान ने कहा कि बाणसागर बांध पूरा होने के बाद विन्ध्य क्षेत्र ने सिंचाई सुविधा मिलने पर खेती में अभूतपूर्व प्रगति की है। यहां के गेहूं की मांग पूरे भारत में है। अब विदेशों में भी विन्ध्य का गेहूं पहुंचाएंगे। खेती के साथ विन्ध्य और मध्यप्रदेश को उद्योग में भी नम्बर वन बनाएंगे। स्व-रोज़गार के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना तथा स्वनिधि योजना से भी सहायता दी जा रही है। पूरे प्रदेश के साथ रीवा में भी सीएम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं, जहां प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर शिक्षा दी जाएगी। मेरिट सूची में आने वाले सभी वर्गों के विद्यार्थियों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाएगी। मध्यप्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई अब हिंदी में होगी।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि एक अप्रैल से शुरू हो रहे वित्तीय वर्ष में 2 लाख 38 हजार से अधिक युवाओं को रोज़गार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने बेरोज़गारी की समस्या पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र के 13 और राज्य के 27 औद्योगिक क्लस्टर से हजारों उद्योग स्थापित होंगे और इनमें एक वर्ष में 5 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा।

सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि गत दिवस संसद में उद्योगों के संबंध में अपनी बात रखते हुए केंद्रीय उद्योग मंत्री ने मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रयासों की सराहना की है। रीवा जिले से बनारस-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर गुजरेगा, जिसका लाभ जिले को ही नहीं पूरे विन्ध्य को मिलेगा।

विकास कार्यों का लोकार्पण–भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने 580 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

खाद्यान्न वितरण में अनियमितताएं नहीं होंगी बर्दाश्त - मुख्यमंत्री

नर्मदापुरम, खाद्यान्न वितरण के कार्य में अनियमितताएं और गड़बड़ियां बर्दाश्त नहीं की जायेंगी। राशन वितरण का कार्य पारदर्शिता के साथ किया जाए। सख्ती के साथ व्यवस्था लागू कर आम जनता को लाभ पहुंचाया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदापुरम जिले स्थित पचमढ़ी में चिंतन बैठक के दौरान चतुर्थ समूह द्वारा दिए गए प्रस्तुतिकरण के बाद संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में करीब 5 करोड़ उपभोक्ताओं को सस्ता अनाज मिल रहा है। इस कार्य में सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखी जाएं। तकनीक का उपयोग किया जाए। गड़बड़ियों की शिकायतों पर कार्रवाई हो। जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। उचित मूल्य दुकानों को बहुउद्देशीय बनाने पर विचार हो। इस क्षेत्र में सुधारों को लागू करने से जनता दुआएं देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 89 जनजातीय बहुल विकासखंडों में वाहनों से अनाज वितरण की शुरुआत की गई है। पूर्व में थैले या बैग से अनाज वितरण का कार्य भी किया गया। कोरोना काल में ग्रामीण क्षेत्रों में घरों तक अनाज पहुंचाया गया। अन्न उत्सव और उपभोक्ताओं के हित में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए।

राशन वितरण व्यवस्था बेहतर बनाने संबंधित प्राप्त सुझाव

चिंतन बैठक में मंत्री समूह की तरफ से खाद्य मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि प्रदेश में 89 विकासखंडों में बेरोज़गार युवकों को राशन वितरण का दायित्व दिया गया है। सिंगरौली जिले में फोर्टिफाइड चावल का वितरण भी किया गया, जो अन्य जिलों में भी किया जाएगा। साथ ही नमक और अन्य आवश्यक सामग्री के वितरण की पहल भी की गई है। खाद्य मंत्री श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में 5 करोड़ उपभोक्ताओं को अनाज और अन्य उपभोक्ता सामग्री का वितरण किया जा रहा है। अनाज के भंडारण और वितरण की व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। चिंतन बैठक में मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, श्री ओमप्रकाश सखलेचा, श्री कमल पटेल, श्री तुलसीराम सिलावट, श्री गोपाल भार्गव, श्री हरदीप सिंह डंग और श्री भूपेंद्र सिंह आदि ने अनेक सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पचमढ़ी में आयोजित चिंतन बैठक में राशन वितरण कार्य के लिये गठित मंत्री समूह के प्रस्तुतिकरण के संबंध में बैठक को संबोधित करते हुये।

सुझावों में जनजातीय विकासखंडों के अलावा अन्य विकासखंडों में भी चलित वाहनों के माध्यम से अनाज वितरण करने, अनाज वितरण वाहनों में जीपीएस के उपयोग, पंचायत स्तर पर उचित मूल्य दुकान की उपलब्धता, सभी पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड और पात्रता पर्ची से सामग्री के प्रदाय, गड़बड़ी करने वाले समिति प्रबंधक के स्थान पर सेल्समैन की नियुक्ति करने के सुझाव भी दिए गए।

राज्य शासन द्वारा अनाज वितरण व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के संबंध में सुझाव प्राप्त करने के लिए गठित मंत्री समूह में खाद्य मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह के अलावा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, श्री भारत सिंह कुशवाह और डॉ. अरविंद भदौरिया शामिल हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खंडवा, धार, खरगौन,
बुरहानपुर, झाबुआ, बड़वानी
तथा अलीराजपुर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

संपर्क करें
9425625746, 9424442725

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सम-सामायिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों
पर उपलब्ध

हिसाशी ताकेयूची

मारुति के नये मैनेजिंग डायरेक्टर बने

हिसाशी ताकेयूची मारुति साज़ुकी इंडिया के नये मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ होंगे। वे जल्द ही पद ग्रहण करेंगे। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी के डायरेक्टर्स बोर्ड की बैठक में इस निर्णय को मंजूरी दी गई। वे 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2025 तक कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रहेंगे। वे योकोहामा नेशनल यूनिवर्सिटी से इकोनॉमिक्स में ग्रेजुएट हैं। वे 1986 में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन से जुड़े हैं।

आयुष कुंडल

पैरों से विवेकानंद की पेंटिंग बनाई

मध्यप्रदेश के बड़वाह के आयुष कुंडल पैर की अंगुलियों से पेंटिंग करते हैं। स्वामी विवेकानंद की पेंटिंग उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को भेंट की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आयुष हम सबके लिये प्रेरणा हैं। खरगोन जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर बड़वाह नगर में दिव्यांग कुंडल निवास करते हैं। वे न तो बोल पाते हैं न ही अपने पैरों पर खड़े हो पाते हैं। इन सबके बावजूद आयुष पैरों से पेंटिंग बनाने में निपुण हैं।

सोलर ऑर्बिटर

सूर्य की अब तक की सबसे करीब की तस्वीर खींची

नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) की संयुक्त परियोजना वाले 'सोलर ऑर्बिटर' ने सूर्य की अब तक की सबसे करीब की तस्वीर खींची है। इस समय ऑर्बिटर सूर्य से 7.40 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर था। वैज्ञानिकों के अनुसार यह तस्वीर अंतरिक्ष यान के एक्सट्रीय अल्ट्रावायलेट इमेजर (ईयूआई) द्वारा ली गई 25 तस्वीरों की एक मोजेक है। इसमें हर जगह छोटी-छोटी अनगिनत लपटें उठती दिखाई देती हैं। इसे भविष्य में अंतरिक्ष मौसम की भविष्यवाणी में मदद करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह 83 करोड़ पिक्सल से अधिक की 25 स्टैक्ड तस्वीरों से बनी इमेज है।

न्यूयॉर्क

स्टार्टअप ने प्रदूषित हवा से बनाये डायमंड

कार्बन का सबसे शुद्ध रूप डायमंड अब कार्बन नेगेटिव वर्जन में भी उपलब्ध है। न्यूयॉर्क की लग्जरी ज्वैलरी कंपनी एथर ने दुनिया का पहला कार्बन-निगेटिव जेम्स तैयार किया है। इन हीरों को हवा में मौजूद प्रदूषण यानि कार्बन डाइऑक्साइड से बनाया जाता है। कंपनी के मुताबिक एक कैरेट हीरा बनाने में लगभग 20 टन सीओटू इस्तेमाल की जाती है। विशेष तौर पर बने रिएक्टर्स में सीओटू को प्रोसेस किया जाता है। इस स्टार्टअप को बी-कार्प सर्टिफिकेशन भी मिला है और इसने अभी तक अपने फंडिंग राउंड में निवेशकों से 137 करोड़ रुपये जुटा लिये हैं।



जस्टिस केतनजी ब्राउन जैक्सन

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की पहली अश्वेत जज बनेंगी

डेमोक्रैट और फ्लोरिडा प्रांत की यूनिवर्सिटी की पहली अश्वेत स्टूडेंट गवर्मेंट की प्रेसिडेंट रहीं जस्टिस केतनजी ब्राउन जैक्सन अब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की पहली अश्वेत जज बनेंगी। हाल ही में उन्हें सीनेट ज्यूडिशियरी कमेटी के इंटरव्यू में रिपब्लिकन सदस्यों के कई कठोर और असहज सवालों का सामना करना पड़ा। सीनेट कमेटी में कई रिपब्लिकन के सवाल अश्वेत अमेरिकियों की पहचान और जीवन से जुड़े थे। जैक्सन ने संयम से सभी सवालों का उत्तर दिया। जैक्सन के संयम की सभी ने तारीफ की।

एक्रेम कारागुदेकोग्लु

सबसे ज्यादा मोबाइल फोन रखने का रिकॉर्ड

तुर्की के एक्रेम कारागुदेकोग्लु ने सबसे ज्यादा मोबाइल फोन रखने का रिकॉर्ड बनाया है। उनकी उपलब्धि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हुई है। इस्तांबुल के एक्रेम के पास 150 अलग-अलग मॉडल के 2,779 फोन हैं। उनके पास 1980-90 के दशक के फोन भी हैं और लगभग सभी फोन काम भी कर रहे हैं।

एयरोमोबिल

दुनिया की पहली 4 सीटर फ्लाइंग टैक्सी बनाई

स्लोवाकिया की कंपनी एयरोमोबिल ने दुनिया की पहली चार सीटर फ्लाइंग टैक्सी बनायी है। एएम नेक्स्ट नाम की यह टैक्सी सन् 2027 से 800 किलोमीटर तक की कमर्शियल उड़ान शुरू करेगी। इससे पहले एयरोमोबिल ने एक 2 मीटर फ्लाइंग कार भी बनायी थी। जिसकी कीमत लगभग 12.5 करोड़ रुपये है। नई टैक्सी की कीमत इससे अधिक होने की संभावना है। कंपनी इस फ्लाइंग टैक्सी के जरिये लोगों को हवा में सफर करने का विकल्प देना चाहती है।

जूलियन असांजे

विकीलीक्स के संस्थापक ने जेल में रचाया विवाह

विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ने दक्षिण पूर्व लंदन की बेलमार्श जेल में अपनी वकील मंगेतर स्टेला से विवाह कर लिया है। असांजे गोपनीय दस्तावेज को कथित तौर पर लीक करने के आरोपों पर अमेरिका में प्रत्यार्पित किये जाने के खिलाफ कानूनी लड़ाई के तहत इस जेल में बंद हैं। असांजे ने और उनकी दक्षिण अफ्रीकी दोस्त स्टेला मोरिस ने जेल नियमों के तहत विवाह रचाया है।

पार्क ग्यून

दक्षिण कोरिया की पूर्व राष्ट्रपति को मिला क्षमादान

दक्षिण कोरिया के बड़े घोटाले में दोषी पाई गईं पूर्व राष्ट्रपति पार्क ग्यून को क्षमादान मिल गया है। क्षमादान के बाद ग्यून चिकित्सा कारणों से अस्पताल में आराम के लिये गईं और अब घर लौटी हैं। अस्पताल के बाहर उनके सैकड़ों समर्थकों ने उनकी अगवानी की। पार्क ने कहा कि 5 साल में पहली बार देश के लोगों को सम्मान जताने के लिये अभार।



लुइसियाना

पांच साल बाद आया तेज बवंडर

अमेरिका के लुइसियाना प्रांत में भीषण बवंडर आया। इसकी रफ्तार 146 किलोमीटर प्रति घंटे रही। इससे इमारतों और पेड़ों को काफी नुकसान पहुंचा है। राहत और बचाव कार्य जोरों पर शुरू कर दिया गया है। इसके चलते 600 ये ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हुये। वर्ष 2017 में आये बवंडर के बाद यह सबसे शक्तिशाली तूफान था। प्रांत के गर्वनर जॉन बेल एडवर्ड्स ने इस बवंडर के चलते न्यू ऑरलियन्स के 4 इलाकों में आपातकाल घोषित कर दिया है।

जयती घोष

भारतीय अर्थशास्त्री संयुक्त राष्ट्र के उच्च स्तरीय सलाहकार बोर्ड में शामिल

यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भारत की अर्थशास्त्री जयती घोष को उच्च स्तरीय सलाहकार बोर्ड में नियुक्त किया है। 66 वर्षीय घोष यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स आम्हर्स्ट में प्रोफेसर हैं। वह पहले जेएनयू में स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज में आर्थिक अध्ययन केंद्र की प्रमुख भी थीं।

कैरोलिना बिलावस्का

'मिस वर्ल्ड' 2021 बनीं

पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का 'मिस वर्ल्ड 2021' बन गयी हैं। भारत की मनसा वाराणसी 11वें स्थान पर रहीं। भारतवंशी अमेरिकी 'मिस यूएसए' श्री सैनी दूसरे स्थान पर रहीं। बिलावस्का को 2020 की विजेता जमैका की टोनी एन सिंह ने ताज पहनाया। कैरोलिना संगीत, अभिनय के अलावा समाजसेवा को बतौर कॅरियर बनाये रखना चाहती हैं।

रोमन साम्राज्य का

दो हजार साल पुराना सिक्का होगा नीलाम

रोमन साम्राज्य के सम्राट जूलियस सीजर के जमाने का दो हजार साल पुराना सिक्का नीलाम होने जा रहा है। अपनी तरह का यह दुनिया का एकमात्र सिक्का है, जिसमें जूलियस के मित्र और उसे मारने के षडयंत्रकारी ब्रूटस का चेहरा उकेरा गया है। माना जाता है कि इस सिक्के को जूलियस के हत्यारों में से एक ने पहना हुआ था। इस लिहाज से यह सिक्का पश्चिमी इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण पलों में से एक घटना का गवाह है।

मार्क कैवेंडिश

146 साल पुरानी साइकिल रेस जीतने वाले पहले ब्रिटिश खिलाड़ी बने

ब्रिटेन के राइडर मार्क कैवेंडिश ने 146 साल पुरानी साइकिल रेस मिलानो टोरियो के खिताब पर कब्जा जमा लिया है। 36 वर्षीय कैवेंडिश ऐसा करने वाले पहले ब्रिटिश खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस साल का पहला और कॅरियर का 159वां मुकाबला जीता है। इस रेस की शुरुआत 1876 में हुई थी। रियो ओलिंपिक में सिल्वर जीतने वाले कैवेंडिश ने 199 किलोमीटर की रेस को 4 घंटे 31:23 मिनट में पूरा किया। कैवेंडिश 20 ग्रैंड टूर और 15 क्लासिक रेस जीत चुके हैं। इसके अलावा 3 बार वर्ल्ड चैंपियनशिप भी जीत चुके हैं।

गुरप्रीत कौर

पंजाब में पहली बार महिला आईपीएस बनीं विजिलेंस चीफ

पहली बार पंजाब के विजिलेंस विंग के प्रमुख के तौर पर महिला आईपीएस अधिकारी एडीजीपी एडमिनिस्ट्रेशन गुरप्रीत कौर देव को तैनात किया गया है। वह 1993 बैच के आईपीएस ईश्वर सिंह की जगह लेंगी। पंजाब पुलिस ने पहली बार पुलिस विभाग में यह बदलाव किया है। गुरप्रीत कौर नशे के अपराधियों की धरपकड़ और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कार्य करने के लिए ख्याति प्राप्त हैं।

डीआरडीओ ने

सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का किया सफल परीक्षण

भारत ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) का ओडिशा के बालासोर तट पर सफल परीक्षण किया। परीक्षण में मिसाइल ने बहुत दूर से लक्ष्य पर सीधा प्रहार किया। डीआरडीओ के अनुसार बढ़ी हुई रेंज की इस मिसाइल ने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। एनआरएसएएम का वजन करीब 275 किलोग्राम है। इसकी लंबाई 4.5 मीटर और व्यास 0.45 मीटर है।

ऋतु खंडूरी

उत्तराखंड विधानसभा की पहली महिला स्पीकर बनीं

उत्तराखंड की पांचवी विधानसभा अध्यक्ष के पद पर कोटद्वार विधानसभा से चुनी गयीं ऋतु खंडूरी भूषण को चुना गया है। वह राज्य की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष हैं, जो निर्विरोध चुनी गयीं। ऋतु उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन खंडूरी की बेटी हैं। नैनीताल में 29 जनवरी 1965 को जन्मी ऋतु फौजी परिवार से हैं। वे लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रही हैं।

अर्जेंटीना के

परिवार ने 90 साल पुरानी कार से दुनिया घूमी

अर्जेंटीना के एक परिवार ने बड़ा कारनामा कर दिखाया है। इस परिवार ने कई दिनों तक सफर किया और 5 महाद्वीपों की यात्रा की। इस रोमांचक यात्रा की शुरुआत वर्ष 2000 में हुई थी और अब यह पूरी होने वाली है। इस यात्रा के दौरान उनके 4 बच्चे भी हुये। हर्मन, कैंडेलारिया और उनके बच्चों ने 22 साल की इस महायात्रा के दौरान 3,62,000 किलोमीटर का सफर किया। ये लोग उरुग्वे की सीमा तक पहुंच गये हैं। 25 जनवरी, 2000 को उन्होंने 90 वर्ष पुरानी कार से यह यात्रा शुरू की थी। उन्होंने यात्रा के दौरान 102 देशों के यात्रा अनुभव प्राप्त किये।

स्मृति शेष

'गली बॉय फेम' धर्मेश परमार का निधन

मशहूर हिन्दी फिल्म 'गली बॉय' फेम रैपर धर्मेश परमार का 24 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एमसी तोड़फोड़ नाम से मशहूर परमार का निधन स्ट्रोक से हुआ। उन्होंने स्वदेशी मूवमेंट के नाम से बैंड बनाया था। वे अपने लिखे गीतों को नये ढंग से गाने के लिये प्रसिद्ध थे।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जीफ जस्टिस आर.सी. लाहोटी का निधन

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस रमेश चंद्र लाहोटी का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। जस्टिस लाहोटी 12 सितंबर 1998 से 31 अक्टूबर 2005 तक सुप्रीम कोर्ट के जज रहे। वे 1 जून 2004 को चीफ जस्टिस नियुक्त हुये थे। 1 नवंबर 2005 को वे सेवानिवृत्त हुये थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मास्क पहनें और भीड़-भाड़ से रहें दूर, कोरोना से बचने का टीका लगवायें जरूर।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, रायसेन

दूरभाष क्रमांक : 07482-222095, फैक्स क्रमांक : 07482-223388, ई-मेल : eephrai@nic.in

क्रमांक/1653/लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड रायसेन, दिनांक : 30.03.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

रायसेन जिले के विभिन्न ग्रामों में नलजल योजना के माध्यम से ग्रामों में शत-प्रतिशत क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) प्रदाय कार्य हेतु निम्नलिखित तालिका अनुसार ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 11.04.2022 शाम 17:30 है** एवं संशोधन केवल वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे।

क्र.	ऑनलाइन टेण्डर आई.डी. क्र.	निविदा क्रमांक	निविदा आमंत्रण	वि.खं.	ग्राम का नाम	कार्य की अनुमानित लागत राशि रु.
B) दीपक जलाने की प्रेरणा
C) छोटी-छोटी उपलब्धियां प्राप्त करने की प्रेरणा
D) दीपक की महत्ता
उत्तर : A) अंधेरा दूर करने का प्रयास।

2. संप्रदाय और धर्म में मूलभूत अंतर है। संप्रदाय एक विशेष प्रकार की पूजा पद्धति है मत मजहब का प्रतीक है। अपनी रुचि और प्रकृति के आधार पर व्यक्ति किसी संप्रदाय में सम्मिलित होकर अपना विकास कर सकता है, अपने आराध्य देव को प्राप्त करने की चेष्टा हो सकती है। संप्रदाय आध्यात्मिक विकास की एक सीढ़ी है। मनुष्य अपनी सुविधा और मनोरचना के अनुसार किसी संप्रदाय को चुन सकता है। संप्रदाय, मत, पंथ या मजहब को धर्म नहीं कहा जा सकता। धर्म तो समाज की धारणा करता है। धर्म तो समाज के नियमों को कहते हैं। वे नियम जिनसे समाज व्यक्त रूप में चलता है। धर्म राज्य (Rule of Law) के परिचायक हैं। धर्म और संप्रदाय का यही मूलभूत अंतर है। संप्रदाय को धर्म की संज्ञा देना धर्म को न समझना है। संप्रदाय संकुचित और धर्म विशाल है। संप्रदाय एक विशेष मत का आग्रही है। धर्म सर्व समन्वयकारी तथा सर्व ग्राहक है। मानव मात्र के लिए जीवन की सम्यक प्रकार से जीवन धारण, समाज धारण के लिए विधि सम्मत जीवन का दृष्टिकोण है। हमें सांप्रदायिक एकता एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए कई उपाय करने होंगे।

6. संप्रदाय किसका प्रतीक है?
A) एक विशेष प्रकार की पूजा पद्धति का
B) मत का
C) मजहब का
D) उपर्युक्त तीनों का
उत्तर : A) एक विशेष प्रकार की पूजा पद्धति का।

7. संप्रदाय किसकी सीढ़ी है?
A) आध्यात्मिक विकास की
B) पूजा की
C) ईश्वरीय साधना की
D) अन्य की
उत्तर : A) आध्यात्मिक विकास की।

8. धर्म क्या करता है?
A) समाज की धारणा
B) समाज के नियम
C) अभिव्यक्ति देता है
D) धर्म राज्य का परिचायक
उत्तर : A) समाज की धारणा।

9. कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
A) संप्रदाय संकुचित होता है
B) धर्म विशाल होता है
C) संप्रदाय ही धर्म है
D) धर्म सर्व समन्वयकारी होता है
उत्तर : C) संप्रदाय ही धर्म है।

10. 'संकुचित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
A) चित B) इत
C) त D) कुचित
उत्तर : B) इत।

11. निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है? सही विकल्प का चयन करें -
A) नौकर पानी पिला रहा है
B) वह प्रतिदिन दौड़ती है
C) मैंने दो दिन पहले यह कहा था
D) बच्चे क्रिकेट खेलते हैं
उत्तर : A) नौकर पानी पिला रहा है।

12. रमा <u>पत्र लिख रही</u> है। रेखांकित का क्रिया भेद है?
A) अकर्मक क्रिया
B) सकर्मक क्रिया
C) अपूर्ण क्रिया
D) द्विकर्मक क्रिया
उत्तर : A) सकर्मक क्रिया।

13. निम्नलिखित विकल्पों में सकर्मक क्रिया का सही विकल्प है?
A) मुड़ना B) मुड़ा
C) मोड़ना D) मोड़
उत्तर : D) मोड़।

14. रवि पार्क में दौड़ रहा है। वाक्य में प्रयुक्त क्रिया भेद है?
A) एक कर्मक B) अकर्मक
C) द्विकर्मक D) सकर्मक
उत्तर : B) अकर्मक।

15. निम्नलिखित वाक्यों में से एक कर्मक क्रिया प्रयुक्त होने वाले वाक्य का सही विकल्प चुनें?
A) तुलसीदास ने रामचरित मानस लिखी
B) वह शिक्षक छात्रों को अंग्रेजी पढ़ाता था
C) बच्चे शाम को खेलते हैं
D) राधा ने जया को पुस्तक दे दी थीं
उत्तर : A) तुलसीदास ने रामचरित मानस लिखी।

16. माँ गाय को रोटी खिलाती है। वाक्य में क्रिया भेद है?
A) अकर्मक B) सकर्मक
C) एककर्मक D) द्विकर्मक
उत्तर : D) द्विकर्मक।

17. दो स्वरों के पारस्परिक मेल से जो विकार होता है उसे क्या कहते हैं?
A) क्रिया विशेषण
B) कारक
C) स्वर संधि
D) व्यंजन संधि
उत्तर : C) स्वर संधि।

18. चतुः + पाद = चतुष्पाद किस संधि का उदाहरण है?
A) स्वर संधि B) व्यंजन संधि
C) विसर्ग संधि D) कोई नहीं
उत्तर : C) विसर्ग संधि।

19. 'शिक्षार्थी' शब्द में संधि है?
A) दीर्घ संधि B) गुण संधि
C) वृद्धि संधि D) यण संधि
उत्तर : A) दीर्घ संधि।

20. 'महोत्सव' का संधि विच्छेद होगा?
A) महो + उत्सव
B) मह + उत्सव
C) महा + उत्सव
D) म + होत्सव
उत्तर : C) महा + उत्सव (गुण संधि)।

21. स्वर संधि के कितने भेद होते हैं?
A) दो B) तीन
C) चार D) पांच
उत्तर : C) चार। (दीर्घ, गुण, वृद्धि, यण)

22. पदबंध कितने प्रकार के होते हैं?
A) तीन B) चार
C) पांच D) छः
उत्तर : C) पांच।
व्याख्या- 1. संज्ञा पदबंध, 2. सर्वनाम पदबंध, 3. विशेषण पदबंध, 4. क्रिया पदबंध, 5. क्रिया विशेषण पदबंध।

23. कछुआ बहुत धीमी गति से चलता है? वाक्य में पदबंध है :
A) संज्ञा पदबंध
B) क्रिया पदबंध
C) विशेषण पदबंध
D) क्रिया विशेषण पदबंध
उत्तर : D) क्रिया विशेषण पदबंध।

24. छात्रावास में रहने वाले कुछ छात्र पान खाने के शौकीन हैं? वाक्य में कौन-सा पदबंध है।
A) संज्ञा पदबंध
B) सर्वनाम पदबंध
C) विशेषण पदबंध
D) क्रिया पदबंध
उत्तर : B) सर्वनाम पदबंध।

25. रोहित शर्मा की बल्लेबाजी तेज, अक्रामक और आकर्षक होती है। उपरोक्त वाक्य में कौन-सा पदबंध है?
A) क्रिया विशेषण पदबंध
B) विशेषण पदबंध
C) क्रिया विशेषण पदबंध
D) सर्वनाम पदबंध
उत्तर : B) विशेषण पदबंध।

निर्देश- रेखांकित उप वाक्य का नाम बनाइए-

26. मुझे विश्वास है कि आप अवश्य आएंगे?
A) संज्ञा उप वाक्य
B) प्रधान उप वाक्य
C) विशेषण उप वाक्य
D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : A) संज्ञा उप वाक्य।

27. जो व्यक्ति मधुर भाषी होता है, उसे सभी चाहते हैं?
A) विशेषण उप वाक्य
B) प्रधान उप वाक्य
C) संज्ञा उप वाक्य
D) क्रिया विशेषण उप वाक्य
उत्तर : B) प्रधान उप वाक्य।

28. मेरी कामना है कि सभी स्वस्थ रहें?
A) संज्ञा उप वाक्य
B) विशेषण उप वाक्य
C) प्रधान उप वाक्य
D) क्रिया विशेषण उप वाक्य
उत्तर : A) संज्ञा उप वाक्य।

29. क्रिया विशेषण के कितने भेद होते हैं?
A) चार B) तीन
C) पांच D) छः
उत्तर : C) पांच।
व्याख्या- 1. काल वाची, 2. स्थान वाची, 3. रीति वाची, 4. परिमाण वाची, 5. परिणाम वाची।

30. निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही मुहावरे का चयन करें?
कार्यालय में काम बहुत धीमी गति से होता है।
A) खटाई में पड़ना
B) चींटी की चाल
C) नमक मिर्च लगाना
D) बाएं हाथ का खेल
उत्तर : B) चींटी की चाल।

31. यह तो अति सरल काम है?
A) सुध-बुध खोना
B) आग बबूला होना
C) बाएं हाथ का खेल
D) मिट्टी में मिलाना
उत्तर : C) बाएं हाथ का खेल।

32. पुत्र के शोक में मां बहुत जोर-जोर से रोई?
A) बाग-बाग होना
B) भीगी बिल्ली बनना
C) प्राणों की बाजी लगाना
D) फूट-फूट कर रोना
उत्तर : D) फूट-फूट कर रोना।

33. इतनी बढ़ा-चढ़ा कर क्यों सुना रहे हो?
A) खटाई में पड़ना
B) नानी याद आना
C) नमक-मिर्च लगाना
D) गुड़ गोबर कर देना
उत्तर : C) नमक-मिर्च लगाना।

34. नदी पर पुल बनाने की योजना अभी तक योंही पड़ी है?
A) पीठ दिखाना
B) भीगी बिल्ली बनना
C) बाग-बाग होना
D) खटाई में पड़ना
उत्तर : D) खटाई में पड़ना।

निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कर सही वाक्य का चयन कीजिए :

35. राम, सीता और लक्ष्मण बन को गया?
A) राम, सीता और लक्ष्मण वन को गए
B) राम, सीता और लक्ष्मण बन को गई
C) राम, लक्ष्मण और सीता वन गए
D) राम, लक्ष्मण सीता बन गई
उत्तर : A) राम, सीता और लक्ष्मण वन को गए।

36. यहां ताजा गन्ने का रस मिलता है?
A) यहां ताजा गन्ना का रस मिलता है
B) यहां गन्ने का ताजा रस मिलता है
C) यहां गन्ने का ताजे रस मिलता है
D) यहां ताजी गन्ने का रास मिलता है
उत्तर : B) यहां गन्ने का ताजा रस मिलता है।

37. वह पागल आदमी हो गया है?
A) वह आदमी पागल हो गया है
B) वह पागल आदमी हो गई है
C) वह पागल आदमी है
D) वह आदमी पागल हो गई है
उत्तर : A) वह आदमी पागल हो गया है।

38. हत्यारे को मृत्यु दंड की सजा दी गई?
A) हत्यारे को मृत्यु दंड दी गई
B) हत्यारे को मृत्यु दंड की सजा दिया गया
C) हत्यारे को मृत्यु दंड दिया गया
D) हत्यारे को मृत्यु दंड से प्रताड़ित किया गया
उत्तर : C) हत्यारे को मृत्यु दंड दिया गया।

39. दोनों में केवल यही अंतर है?
A) दोनों में केवल मात्र यही अंतर है
B) दोनों में यही अंतर है
C) दोनों में अंतर है
D) दोनों में सिर्फ अंतर है
उत्तर : B) दोनों में यही अंतर है।

40. 'आजीवन' का समास विग्रह होगा?
A) जीवन तक
B) जीवन जीने तक
C) जीवन रहने तक
D) जीवन बीतने तक
उत्तर : C) जीवन रहने तक।

41. यथावकाश में कौन-सा समास है?
A) अव्ययीभाव समास
B) द्वंद समास
C) बहुब्रीहि समास
D) तत्पुरुष समास
उत्तर : A) अव्ययीभाव समास।

42. ऋण मुक्त में कौन-सा समास है?
A) बहुब्रीहि B) द्वंद
C) तत्पुरुष D) द्विगु
उत्तर : C) तत्पुरुष समास।

43. शताब्दी में कौन-सा समास है?
A) तत्पुरुष B) द्वंद
C) बहुब्रीहि D) द्विगु
उत्तर : D) द्विगु समास।

44. देव-दानव में कौन-सा समास है?
A) बहुब्रीहि
B) द्वंद
C) तत्पुरुष
D) अव्ययीभाव
उत्तर : B) द्वंद समास।

45. 'पुनर्जन्म' का संधि विच्छेद होगा?
A) पुनर + जनम
B) पुर्न + जनम
C) पुनः + जन्म
D) पुर्न + जन्म
उत्तर : C) पुनः + जन्म।

46. 'उच्छवास' का संधि विच्छेद होगा?
A) उत् + श्वास
B) उच्छ + वास
C) उत + छवास
D) उच्छ + अवास
उत्तर : A) उत् + श्वास (व्यंजन संधि)।

47. बहिः + कार की संधि होगी?
A) बहिकार B) बहिष्कार
C) बाहयकार D) बहीकार
उत्तर : B) बहिष्कार।

48. उपर्युक्त का संधि विच्छेद होगा?
A) उपरि + युक्त
B) उप + रियुक्त
C) उपरी + युक्त
D) उपरी + आयुक्त
उत्तर : A) उपरि + युक्त।

49. प्रत्युपकार किस संधि का उदाहरण है?
A) यण संधि B) वृद्धि संधि
C) दीर्घ संधि D) गुण संधि
उत्तर : A) यण संधि।

50. परमेश्वर में संधि है?
A) गुण संधि
B) दीर्घ संधि
C) यण संधि
D) वृद्धि संधि
उत्तर : A) गुण संधि।

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

पर्यावरण के क्षेत्र में बढ़ रहे कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

इस समय देश और दुनिया में पर्यावरण विज्ञान (एनवायरमेंटल साइंस) में कॅरियर के मौके तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। पर्यावरण विज्ञान, विज्ञान की एक ऐसी शाखा है जिसमें पर्यावरण के विभिन्न क्षेत्रों का अध्ययन किया जाता है। पर्यावरण विज्ञान के जरिए पर्यावरण संबंधी समस्याओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसमें मूल रूप से ऊर्जा संरक्षण, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन, भूजल, वायु व जल प्रदूषण, औद्योगिक प्रदूषण तथा प्लास्टिक के जोखिम को दूर करने के लिए विकसित की गई प्रौद्योगिकियों का अध्ययन किया जाता है। इस समय पूरी दुनिया में पर्यावरण संकट से निपटने के लिए वृहद स्तर पर काम किए जा रहे हैं। पृथ्वी पर मौजूद मानव समाज द्वारा फैलाए जा रहे विविध प्रकार के प्रदूषण को देखते हुए यह उपाय अपर्याप्त हैं। इतना ही नहीं रूस और यूक्रेन के बीच महायुद्ध जनित आपदाओं से पर्यावरण की वैश्विक चुनौतियां और बढ़ गई हैं।

क्यों बढ़ रहे हैं पर्यावरण सेक्टर में कॅरियर

जैसे-जैसे देश और दुनिया में पर्यावरण विज्ञान आगे बढ़ रहा है, पर्यावरण नियंत्रण अभियान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे पर्यावरण सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत में पर्यावरण के संरक्षण के प्रति केन्द्र सरकार की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश में काफी समय पहले बाकायदा एक स्वतंत्र मंत्रालय ही पर्यावरण के मामलों एवं चुनौतियों से निपटने के लिए बनाया जा चुका है। इस मंत्रालय और इससे जुड़े विभाग देशभर में फैले हुए हैं। यही स्थिति राज्य स्तर पर भी देखी जा सकती है। प्रति वर्ष केन्द्र सरकार के बजट में पर्यावरण मद पर आवंटन बढ़ता जा रहा है। इस विशाल नेटवर्क में कई तरह की जॉब्स के अवसर एनवायरमेंट में दक्ष लोगों के लिए हो सकते हैं।

पर्यावरण विज्ञान से संबंधित प्रमुख कॅरियर

पर्यावरण विज्ञान में कॅरियर के जो कई विकल्प बड़ी डिमांड में हैं, उनमें

एनवायरमेंटल इंजीनियर, एनवायरमेंटल लॉयर, एनवायरमेंटल जर्नलिस्ट, एनवायरमेंटल कंजरवेशनिस्ट, वाइल्ड लाइफ बायोलॉजिस्ट, एनवायरमेंटल कंसल्टेंट, एनवायरमेंटल प्रोटेक्शन एजेंट प्रमुख हैं। सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियां, एनजीओ, फर्म व विश्वविद्यालय-कॉलेज के अलावा वेस्ट ट्रीटमेंट इंडस्ट्री, रिफाइनरी, डिस्टिलरी, माइन्स फर्टिलाइजर प्लांट, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री और टेक्सटाइल मिलों में एनवायरमेंटल साइंटिस्ट के रूप में भी नौकरियों के मौके बढ़ते जा रहे हैं। एनवायरमेंटल टीचिंग एक प्रमुख क्षेत्र है, जहाँ पर आने वाले दिनों में प्रशिक्षित लोगों की जरूरत बहुत तेजी से बढ़ेगी। सेन्ट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल आदि भी देश की ऐसी ही एजेंसीज हैं, जिनमें ऐसे एक्सपर्ट्स की सेवाएं ली जाती हैं।

विदेशों में इस तरह के विशेषज्ञों के लिए रोज़गार की संभावनाएं हाल के वर्षों में बहुत तेजी से बढ़ी हैं। इसके पीछे मूल कारण जापान, सिंगापुर, न्यूजीलैंड, स्विट्जरलैंड, दक्षिण कोरिया, अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सरीखे देशों में अत्यंत सख्त पर्यावरण कानूनों का लागू किया जाना है। इनके क्रियान्वयन के लिए बड़े पैमाने पर पर्यावरण विज्ञान की शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को विभिन्न स्तरों पर नियुक्त किया जाता है।

पर्यावरण विज्ञान से संबंधित कोर्स

पर्यावरण विज्ञान के विभिन्न कोर्स प्रदूषण की चुनौतियों के निराकरण व नियंत्रण से संबंधित हैं। इसमें सबसे ज्यादा प्रचलन में बैचलर व मास्टर कोर्स हैं। बैचलर कोर्स के लिए छात्र का विज्ञान विषय के साथ 10+2 उत्तीर्ण होना जरूरी है, देश की कई यूनिवर्सिटीज में एनवायरमेंटल पर आधारित कई तरह के कोर्सेज संचालित किए जा रहे

हैं। ये बैचलर और मास्टर्स डिग्री के स्तर से लेकर पीएच.डी. तक हो सकते हैं। सरकारी ही नहीं अपितु निजी क्षेत्र के संस्थान भी ऐसे कोर्सेज संचालित करते हैं।

इस समय कॅरियर के दृष्टिकोण से जो कोर्स बीएससी इन एनवायरमेंटल साइंस, बीई इन एनवायरमेंटल साइंस, एमएससी इन एनवायरमेंटल साइंस, एमटेक इन एनवायरमेंटल साइंस, पीजी डिप्लोमा इन एनवायरमेंटल मैनेजमेंट, पीएच.डी. इन एनवायरमेंटल साइंस, डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी इन अर्थ साइंस आदि हैं। पर्यावरणीय संकट के वर्तमान दौर में इस क्षेत्र के युवा प्रोफेशनल्स की मांग देश ही नहीं अपितु विदेश में भी है। निसंदेह पर्यावरण क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने हाल के वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रभावी तकनीकों तथा उपायों का विकास करने में जबरदस्त सफलता हासिल की है।

पर्यावरण सेक्टर में कॅरियर की जरूरी स्किल्स

पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में ऐसे युवाओं को जाना चाहिए, जिनमें पर्यावरण के प्रति लगाव हो। प्रदूषण से लड़ाई को जो लोग अपनी निजी लड़ाई समझते हों। ऑफिस वर्क से ज्यादा फील्ड में काम करने का जिनमें जज्बा हो। दिन-प्रतिदिन सामने आने वाली चुनौतियों का डटकर मुकाबला करने तथा सफल होने का पूरा आत्मविश्वास हो तथा समूह में काम करने तथा करवाने की विशेषता भी हो। विज्ञान में रूचि होना भी इस पेशे की एक अनिवार्य शर्त है।

कहाँ से करें पर्यावरण सेक्टर से संबंधित कोर्स

देश और मध्यप्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा आईआईटी व एनआईटी जैसे संस्थानों में भी पर्यावरण विज्ञान के विभिन्न कोर्स उपलब्ध हैं। इनमें से उपयुक्तता के अनुरूप किसी गुणवत्तापूर्ण संस्थान में से उपयुक्त कोर्स का चयन करके कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **पद्म भूषण पुरस्कार हासिल करने वाले पहले पैरा एथलीट हैं?**
   (अ) विश्वनाथन आनंद
   (ब) देवेंद्र झाझड़िया
   (स) पुलैला गोपीचंद
   (द) अभिनव बिंद्रा
2. **वर्ष 2026 में किस देश में एशियाई खेल आयोजित किए जायेंगे?**
   (अ) जापान
   (ब) सउदी अरब
   (स) श्रीलंका
   (द) थाईलैंड
3. **पी.वी. सिंधु ने किस वर्ष वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था?**
   (अ) वर्ष 2015
   (ब) वर्ष 2017
   (स) वर्ष 2019
   (द) वर्ष 2021
4. **इनमें से किस खिलाड़ी ने टोक्यो ओलिंपिक में बैडमिंटन में पुरुष एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है?**
   (अ) केंटो मोमोटा
   (ब) विक्टर एक्सेलसन
   (स) किदांबी श्रीकांत
   (द) चेन लोंग
5. **एशियन गेम्स-2018 में किस देश ने कबड्डी में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक जीता था?**
   (अ) भारत
   (ब) दक्षिण कोरिया
   (स) ईरान
   (द) थाइलैंड
6. **वर्ष 2006 में किस देश ने फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप का खिताब जीता था?**
   (अ) ब्राजील
   (ब) जर्मनी
   (स) अर्जेंटीना
   (द) इटली
7. **महेंद्र सिंह धोनी ने कितने टेस्ट मैचों में भारतीय क्रिकेट टीम की कमान संभाली है?**
   (अ) 60 (ब) 68
   (स) 77 (द) 98
8. **इनमें से कौन-सा खेल टोक्यो ओलिंपिक-2020 में शामिल नहीं था?**
   (अ) रग्बी सेवंस
   (ब) स्केटबोर्डिंग
   (स) बास्केटबॉल
   (द) स्क्वॉश
9. **लक्ष्य सेन किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
   (अ) बैडमिंटन
   (ब) टेनिस
   (स) क्रिकेट
   (द) एथेलेटिक्स
10. **वर्ष 2019 में किस देश में वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप आयोजित की गई थी?**
    (अ) रूस
    (ब) कतर
    (स) ब्रिटेन
    (द) कनाडा
11. **आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप-2021 में किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा विकेट लिए?**
    (अ) शाकिब अल हसन
    (ब) जोश हेजलवुड
    (स) एडम जम्पा
    (द) वानिंदु हसरंगा
12. **उसेन बोल्ट ने ओलिंपिक खेलों में कितने स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं?**
    (अ) आठ
    (ब) दस
    (स) ग्यारह
    (द) इनमें से कोई नहीं
13. **कैटी लेडेकी किस देश की दिग्गज महिला तैराक हैं?**
    (अ) जर्मनी
    (ब) अमेरिका
    (स) ऑस्ट्रेलिया
    (द) डेनमार्क
14. **वर्ष 2019 में किस देश ने बास्केटबॉल वर्ल्डकप जीता था?**
    (अ) अमेरिका
    (ब) क्रोएशिया
    (स) स्पेन
    (द) कनाडा
15. **इनमें से किस बल्लेबाज के नाम वन-डे क्रिकेट में सबसे कम मैचों में 10 हजार रन पूरे करने का रिकॉर्ड है?**
    (अ) सचिन तेंदुलकर
    (ब) विराट कोहली
    (स) कुमार संगाकारा
    (द) क्रिस गेल
16. **इनमें से किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा बार विम्बलडन खिताब जीते हैं?**
    (अ) रोजर फेडरर
    (ब) राफेल नडाल
    (स) एंडी मरे
    (द) आंद्रे अगासी
17. **बुंदेस लीग किस देश की लोकप्रिय फुटबॉल लीग है?**
    (अ) इंग्लैंड
    (ब) फ्रांस
    (स) इटली
    (द) जर्मनी
18. **वर्ष 2021 के लिये आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने गये हैं?**
    (अ) मार्नस लाबुशेन
    (ब) बाबर आजम
    (स) शाहीन शाह अफरीदी
    (द) जो रूट
19. **वर्ष 2016 में किस देश ने कोपा अमेरिका कप जीता था?**
    (अ) अर्जेंटीना
    (ब) ऊरुग्वे
    (स) कोलंबिया
    (द) चिली
20. **अमेरिका ने विंटर ओलिंपिक-2022 में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?**
    (अ) पांच
    (ब) सात
    (स) आठ
    (द) दस
21. **किस गेंदबाज की एक गेंद को सदी की सर्वश्रेष्ठ गेंद के रूप में ख्याति मिली है?**
    (अ) ग्लैन मैक्ग्राथ
    (ब) शेन वॉर्न
    (स) अनिल कुंबले
    (द) डेनिस लिली
22. **एशियन हॉकी चैम्पियनशिप का पहला संस्करण किस देश ने जीता था?**
    (अ) भारत
    (ब) पाकिस्तान
    (स) दक्षिण कोरिया
    (द) जापान
23. **इस वर्ष इनमें से कौन-सी टीम पहली बार आईपीएल में हिस्सा ले रही है।**
    (अ) सनराइजर्स हैदराबाद
    (ब) राजस्थान रॉयल्स
    (स) पंजाब किंग्स
    (द) गुजरात जायंट्स
24. **भारत ने इस वर्ष किस खिलाड़ी की कप्तानी में आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप जीता था?**
    (अ) अंगक्रिश रघुवंशी
    (ब) शेख रशीद
    (स) यश ढुल
    (द) इनमें से कोई नहीं
25. **वर्ष 2018 में किस क्लब ने फीफा क्लब वर्ल्डकप का खिताब जीता था?**
    (अ) बायर्न म्युनिख (ब) रियल मैड्रिड
    (स) बार्सिलोना
    (द) पेरिस सेंट जर्मेन

उत्तरमाला

1. (ब), 2. (अ), 3. (स), 4. (ब)
5. (स), 6. (द), 7. (अ), 8. (द)
9. (अ), 10. (ब), 11. (द), 12. (अ)
13. (ब), 14. (स), 15. (ब), 16. (अ)
17. (द), 18. (स), 19. (द), 20. (स)
21. (ब), 22. (अ), 23. (द), 24. (स)
25. (ब)

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

आईपीएल के मीडिया राइट्स के लिये टेंडर जारी

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व की लोकप्रिय क्रिकेट लीग आईपीएल के आगामी पांच वर्ष के मीडिया राइट्स के लिये टेंडर जारी किया है। बीसीसीआई को इस टेंडर से 50 हजार करोड़ रुपये की आमदनी की उम्मीद है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि बोर्ड आईपीएल इतिहास में पहली बार नई बोली लगाने के लिये ई-नीलामी की व्यवस्था करेगा। उन्होंने बताया कि यह ई-नीलामी 12 जून को होगी। जय शाह ने बताया कि दो नई टीमों, अधिक मैचों और अधिक स्थानों से जुड़ाव के साथ हम आईपीएल को नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते हैं। ई-नीलामी प्रक्रिया से न केवल अधिकतम राजस्व मिलेगा, बल्कि इसका लाभ भारतीय क्रिकेट को भी मिलेगा।

इगा स्वितेक बनीं विश्व की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी

मियामी, पोलैंड की युवा टेनिस स्टार इगा स्वितेक ने इतिहास रच दिया है। स्वितेक



डब्ल्यूटीए महिला एकल रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। स्वितेक विश्व रैंकिंग में पहला स्थान हासिल करने वाली पोलैंड की पहली और विश्व की 28वीं महिला खिलाड़ी हैं। स्वितेक ने यह उपलब्धि मियामी ओपन में दूसरे दौर का मुकाबला जीतने के साथ हासिल की। स्वितेक ने दूसरे दौर में स्विट्जरलैंड की विक्टोरिया गोलुबिक को हराया। उल्लेखनीय है कि विश्व की नंबर वन महिला खिलाड़ी एश्ले बार्टी ने अचानक से संन्यास ले लिया था, जिसके बाद शीर्ष स्थान खाली हो गया। विश्व रैंकिंग में नंबर-दो खिलाड़ी रही इगा स्वितेक को इसका फायदा मिला और वे शीर्ष स्थान पर काबिज हो गईं। स्वितेक पिछले कुछ समय से लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान में जीती टेस्ट सीरीज

लाहौर, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 1-0 से जीत ली है। ऑस्ट्रेलिया ने लाहौर में खेले गए सीरीज के तीसरे मैच में पाकिस्तान को 115 रन से हराया। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 391 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तानी टीम पहली पारी में 268 रन ही बना सकी। पहली पारी में 123 रनों की बढ़त हासिल करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी 3 विकेट लेकर 227 रन पर घोषित की। ऑस्ट्रेलिया के लिए उस्मान ख्वाजा ने नाबाद 104 रन बनाए। जीत के मिले 351 रनों के लक्ष्य के जवाब में पाकिस्तान की टीम 235 रन ही बना सकी। मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने 8 विकेट लिए। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम 24 वर्ष बाद पाकिस्तान के दौरे पर है।

पी.वी. सिंधु पहली बार बनीं स्विस ओपन में चैंपियन

बासेल, भारत की दिग्गज महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु ने स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। सिंधु ने टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग के फाइनल में थाइलैंड की बुसानन ओंगबामरूंगफान को 21-16, 21-8 से हराया। सिंधु ने पहली बार स्विस ओपन का खिताब जीता है।

फाइनल मुकाबले में पी.वी. सिंधु ने चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बुसानन के खिलाफ मैच की शुरुआत से आक्रामक रणनीति अपनाई। मैच के पहले गेम में सिंधु ने शानदार प्रदर्शन कर 3-0 की बढ़त बना ली, इसके बाद बुसानन ने वापसी की कोशिश की और स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई। सिंधु ने ब्रेक टाइम के बाद एक बार फिर वापसी की और लगातार चार पाइंट हासिल कर पहला गेम 21-16 से अपने नाम किया।

पहले गेम में सिंधु को कड़ी टक्कर देने वाली बुसानन दूसरे गेम में सिंधु पर दबाव नहीं बना पाई। सिंधु ने अपने जोरदार स्मैश और बैकहैंड शॉट के जरिये बुसानन पर धावा बोल दिया, बुसानन के पास सिंधु के खिलाफ कोई जवाब नहीं था। सिंधु ने यह गेम 21-8 से अपने नाम किया और खिताब पर कब्जा जमाया।

पुरुष वर्ग में खिताब से चूके प्रणय

स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग में भारतीय शटलर एच.एस. प्रणय ने भी शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वे खिताब पर कब्जा करने से चूक गये। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में प्रणय को इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ने 21-12, 21-18 से हराया।

फाइनल मुकाबला में प्रणय की शुरुआत खराब रही। जोनाथन ने पहले गेम में लगातार सात पाइंट जीतकर प्रणय को दबाव में ला दिया। प्रणय दबाव से उबर नहीं पाये और पहला गेम 21-12 से हार गये। दूसरे गेम में प्रणय ने शानदार पलटवार किया और क्रिस्टी को जबरदस्त टक्कर दी। इसके बाद क्रिस्टी ने लगातार अंक अर्जित कर निर्णायक बढ़त ली। हालांकि प्रणय ने आखिरी समय में लगातार पांच अंक अर्जित किये, लेकिन ये नाकाफी साबित हुये। क्रिस्टी ने दूसरा गेम 21-18 से जीता।

- पी.वी. सिंधु ने वर्ष 2021 में भी स्विस ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन वे कैरोलिना मारिन से हार गई थीं।
- सिंधु ने इस वर्ष सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के बाद दूसरा खिताब जीता है।
- एच.एस. प्रणय वर्ष 2016 में स्विस ओपन में पुरुष एकल वर्ग के चैंपियन बन चुके हैं।
- प्रणय के अलावा किदांबी श्रीकांत (2015) और समीर वर्मा (2018) ने भी यह खिताब जीता है।
- सिंधु से पहले साइना नेहवाल दो बार स्विस ओपन खिताब जीत चुकी हैं।

रेलवे ने जीता ओबेदुल्ला खां गोल्ड कप खिताब

भोपाल, रेलवे ने आर्मी इलेवन को हराकर प्रतिष्ठित ओबेदुल्ला खां गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। रेलवे ने भोपाल में आयोजित टूर्नामेंट के फाइनल में आर्मी इलेवन को 2-1 से हराया। रेलवे ने 16वीं बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी, इनमें से 6 बार रेलवे ने खिताब जीता है। फाइनल मुकाबले में पहला गोल आर्मी इलेवन के हरमान सिंह ने किया। हरमान सिंह ने 12 मिनट में शानदार फील्ड गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद रेलवे ने काउंटर अटैक किया और मैच के 22वें मिनट में रेलवे को जोगिंदर सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर टीम को बराबरी दिलाई। मैच के आखिरी क्वार्टर में जोगिंदर सिंह ने एक बार फिर पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर अपनी टीम के निर्णायक बढ़त दिलाई। रेलवे ने 2-1 से मैच जीत लिया।

वेस्टइंडीज ने 1-0 से जीती टेस्ट सीरीज

ग्रेनेडा, वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज में 1-0 से हराया है। वेस्टइंडीज ने सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में इंग्लैंड को 10 विकेट से हराया। इससे पहले सीरीज के दो टेस्ट मैच ड्रा रहे थे। मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 204 रन बनाये। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने जोशुआ डिसिल्वा के नाबाद शतक (100) की बदौलत पहली पारी में 297 रन बनाये। दूसरी पारी में भी इंग्लैंड के बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाये और पूरी टीम 120 रन बनाकर आउट हो गई। वेस्टइंडीज को जीत के लिये 28 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे वेस्टइंडीज ने 5 ओवरों के अंदर बिना विकेट गवाएं हासिल कर लिया।

इटली लगातार दूसरी बार फीफा विश्वकप में जगह बनाने से चूका

मिलान, यूरो कप की विजेता इटली की फुटबॉल टीम फीफा विश्वकप-2022 से बाहर हो गई है। इटली लगातार दूसरी बार फीफा विश्वकप में जगह नहीं बना पाई है।

फीफा विश्वकप क्वालिफायर के प्ले ऑफ सेमीफाइनल में इटली की भिड़ंत उत्तरी मेसेडोनिया से हुई। इस मुकाबले में इटली को 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। मेसेडोनिया के लिये मैच का एक मात्र गोल अलेक्सांद्र ट्रैजकोवस्की ने किया। इटली हमेशा से ही फुटबॉल की दिग्गज टीमों में गिनी जाती है। इटली ने अब तक चार बार फीफा विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। इटली ने आखिरी बार वर्ष 2006 में फीफा विश्वकप जीता था, वहीं पिछले वर्ष खेले गये यूरो कप में इटली ने खिताबी जीत दर्ज की थी।

कनाडा 36 वर्ष बाद विश्वकप में

कनाडा की फुटबॉल टीम ने 36 वर्ष बाद फीफा विश्वकप में जगह बनाई है। कनाडा ने विश्वकप क्वालिफायर्स में जमैका को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से हराकर विश्वकप का टिकट कटाया है। यह दूसरा अवसर है जब कनाडा की टीम फीफा विश्वकप में खेलती नजर आयेगी। इससे पहले कनाडा की फुटबॉल टीम ने वर्ष 1986 में फीफा विश्वकप में हिस्सा लिया था।

पुर्तगाल लगातार छठवीं बार क्वालिफाई

पुर्तगाल ने लगातार छठवीं बार फीफा विश्वकप के लिये क्वालिफाई कर लिया है। पुर्तगाल ने फीफा विश्वकप क्वालिफायर्स के प्ले ऑफ फाइनल में उत्तरी मेसेडोनिया को 2-0 से हराकर फुटबॉल के वैश्विक टूर्नामेंट में जगह बनाई। मैच में पुर्तगाल के लिये दोनों गोल ब्रुनो फर्नांडेज ने किये।

बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका में पहली बार जीती सीरीज

सेंचुरियन, दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गई बांग्लादेश की क्रिकेट टीम ने नया इतिहास रचा है। बांग्लादेश की टीम ने दक्षिण अफ्रीका में पहली बार किसी भी फॉर्मेट में सीरीज जीती है। बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका को वन-डे सीरीज में 2-1 से हराया।

वन-डे सीरीज के तीसरे और अंतिम मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावूमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले विकेट के लिये क्विंटन डिकॉक और यानेमन मलान के बीच 46 रनों की शानदार साझेदारी भी हुई, लेकिन डिकॉक के आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। तेज गेंदबाज तस्किन अहमद ने शानदार गेंदबाजी करते हुये किसी भी बल्लेबाज को टिकने नहीं दिया। तस्किन ने सर्वाधिक पांच विकेट लिये। दक्षिण अफ्रीका टीम 37 ओवरों में 154 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश के लिये शाकिब अल हसन ने 2 तथा शोरिफुल इस्लाम और मेंहदी हसन ने एक-एक विकेट भी लिये।

जीत के लिये मिले आसान लक्ष्य के जवाब में बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल और लिटन दास ने मजबूत शुरुआत कर पहले विकेट के लिये 127 रनों की शतकीय साझेदारी की। लिटन दास 48 रन बनाकर आउट हुये, वहीं तमीम इकबाल ने नाबाद 87 तथा शाकिब अल हसन ने नाबाद 18 रन बनाये। बांग्लादेश ने 23.3 ओवर शेष रहते 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इससे पहले सीरीज का पहला मैच बांग्लादेश ने 38 रन से तथा दूसरा मैच दक्षिण अफ्रीका ने सात विकेट से जीता था।

मीराबाई चानू

बीबीसी सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

लंदन, भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने बीबीसी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी का पुरस्कार अपने नाम किया है। मीराबाई को यह पुरस्कार पिछले वर्ष टोक्यो ओलिंपिक में रजत पदक जीतने के लिये दिया गया है।

पुरस्कार जीतने के बाद मीराबाई ने कहा कि मैं इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजने के लिये सभी को धन्यवाद देती हूं। मीराबाई ने कहा कि मैं अभी अमेरिका में प्रशिक्षण ले रही हूं। मेरा लक्ष्य इस वर्ष राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतना है। मैं इसके लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी। बीबीसी सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिये मीराबाई के अलावा अदिति अशोक, पी.वी. सिंधु, अवनि लखेरा और लवलीना बोरगोहेन को भी नामांकित किया गया था।

शेफाली वर्मा बनीं सर्वश्रेष्ठ उभरती खिलाड़ी

बीबीसी अवॉर्ड्स में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ

उभरती भारतीय महिला खिलाड़ी का पुरस्कार भारतीय महिला क्रिकेट टीम की आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा को मिला। शेफाली वर्मा ने 16 वर्ष की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। शेफाली को विस्फोटक बल्लेबाजी करने के लिये जाना जाता है।

मल्लेश्वरी को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

भारत की पूर्व महिला भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी को बीबीसी लाइफ टाइम पुरस्कार से नवाजा गया है। कर्णम मल्लेश्वरी ने वर्ष 2000 में सिडनी में आयोजित हुये ओलिंपिक खेलों में भारत के लिये भारोत्तोलन में पहली बार ओलिंपिक कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा बीबीसी ने टोक्यो ओलिंपिक और टोक्यो पैरालिंपिक में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों का भी सम्मान किया।

- मीराबाई चानू ओलिंपिक खेलों में भारोत्तोलन में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।
- मीराबाई बीबीसी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाली तीसरी खिलाड़ी हैं।
- मीराबाई से पहले वर्ष 2020 में पी.वी. सिंधु और वर्ष 2021 में कोनेरू हम्पी भी यह पुरस्कार जीत चुकी हैं।

मैक्स वर्स्टापेन ने जीती सऊदी अरब ग्रांप्री

जेद्दाह, बेल्जियम के दिग्गज कार रेसर और मौजूदा फॉर्मूला-वन चैम्पियन मैक्स वर्स्टापेन ने वर्ष 2022 सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की है। वर्स्टापेन ने जेद्दाह में आयोजित सऊदी अरब ग्रांप्री का खिताब अपने नाम किया। वर्स्टापेन ने पिछली रेस के विजेता चार्ल्स लेकलर्क को पछाड़ते हुए सऊदी अरब ग्रांप्री में 50 लैप की रेस को 1 घंटा 24 मिनट 19.293 सेकेण्ड में खत्म किया। रेस में चार्ल्स लेकलर्क दूसरे, कार्लोस सेंज तीसरे, सर्जियो पेरेज चौथे तथा जॉर्ज रसेल पांचवें स्थान पर रहे। रेस में सात बार के चैम्पियन लुईस हैमिल्टन दसवें स्थान पर रहे। ये वर्स्टापेन के फॉर्मूला-वन कॅरियर की 21वीं जीत है। वर्स्टापेन ने वर्ष 2021 में फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप जीती थी। वर्स्टापेन ने पिछले वर्ष 22 में से 10 रेस अपने नाम की थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण जल्द शुरू होगा

कर्नाटक के कैगा में अगले साल 700 मेगावॉट के परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए नींव डालने के साथ भारत अगले तीन वर्षों

में 'फ्लीट मोड' में एक साथ 10 परमाणु संयंत्रों के निर्माण कार्यों को गति देने के लिए तैयार है। नींव के लिए कंक्रीट डालने (एफपीसी) के साथ परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण अब पूर्व-परियोजना चरण से आगे बढ़कर निर्माण को गति देने का संकेत है। इसमें परियोजना स्थल पर खुदाई की गतिविधियां भी शामिल हैं।

ज्ञात रहे कि 2025 में चुटका मध्यप्रदेश परमाणु ऊर्जा परियोजना इकाइयों एक और दो का एफपीसी होने की संभावना है। केंद्र सरकार ने जून 2017 में 700 मेगावॉट के 10 स्वदेशी विकसित भारी जल संयंत्र (पीएचडब्ल्यूआर) के निर्माण को मंजूरी दी थी।

5वां बिम्सटेक शिखर सम्मेलन

बंगाल की खाड़ी को संपर्क, समृद्धि और सुरक्षा सेतु बनाया जाए - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पांचवें बिम्सटेक (बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन) शिखर सम्मेलन में वर्चुअली सम्मिलित हुये। अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक की क्षेत्रीय संपर्कता, सहयोग और सुरक्षा को बढ़ाये जाने के महत्व को रेखांकित किया। इस सम्बंध में उन्होंने अनेक सुझाव दिये। प्रधानमंत्री ने अपने समकक्ष राष्ट्राध्यक्षों का आह्वान किया कि वे बंगाल की खाड़ी को बिम्सटेक सदस्य देशों के बीच संपर्कता, समृद्धि और सुरक्षा सेतु में बदलने का प्रयास करें।

प्रधानमंत्री श्री मोदी तथा अन्य राष्ट्राध्यक्षों के समक्ष तीन बिम्सटेक समझौतों पर हस्ताक्षर हुये। इन समझौतों में वर्तमान सहयोग गतिविधियों में हुई प्रगति के विषय शामिल हैं -1) आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता पर बिम्सटेक समझौता, 2) राजनयिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में आपसी सहयोग पर बिम्सटेक समझौता-ज्ञापन, 3) बिम्सटेक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सुविधा की प्रतिस्थापना के लिये प्रबंध-पत्र।

शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक कनेक्टीविटी एजेंडा को पूरा करने की उल्लेखनीय प्रगति का जायजा लिया गया। राष्ट्राध्यक्षों ने 'यातायात संपर्कता के लिये मास्टर प्लान' पर विचार किया, जिसके तहत भविष्य में इस इलाके में संपर्कता सम्बंधी गतिविधियों का खाका तैयार करने के दिशा-निर्देश निहित हैं।

- इसकी मेजबानी वर्चुअल माध्यम से श्रीलंका ने की, जो इस समय बिम्सटेक का अध्यक्ष है।
- पांचवें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के पूर्व, वरिष्ठ अधिकारियों और विदेश मंत्रियों के स्तर पर एक तैयारी बैठक हाइब्रिड पद्धति से कोलंबो में 28 और 29 मार्च को आयोजित की गई थी।
- शिखर-सम्मेलन की विषयवस्तु 'टूवर्ड्स ए रेजीलियंट रीजन, प्रॉस्पेरस इकोनॉमीज, हेल्दी पीपुल' सदस्य देशों के लिये प्राथमिकता विषय है।
- इसके अलावा बिम्सटेक के प्रयासों से सहयोगी गतिविधियों को विकसित करना भी इसमें शामिल है, ताकि सदस्य देशों के आर्थिक तथा विकास पर कोविड-19 महामारी के दुष्प्रभावों से निपटा जा सके।
- शिखर वार्ता का प्रमुख कदम बिम्सटेक चार्टर पर हस्ताक्षर करना और उसे मंजूरी देना है।
- इसके तहत उन सदस्य देशों के संगठन को आकार देना है, जो बंगाल की खाड़ी के किनारे स्थित हैं तथा उस पर निर्भर हैं।

मन की बात

दुनिया में बढ़ी भारतीय वस्तुओं की मांग 30 लाख करोड़ का हुआ निर्यात

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी के मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि भारत ने 30 लाख करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इसका मतलब है कि दुनिया में भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ रही है। यह भारत की क्षमताओं को दर्शाता है। जब हर भारतीय 'लोकल के लिए वोकल' होता है तो 'लोकल को ग्लोबल बनने' में ज्यादा समय नहीं लगता है। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा फुले से जुड़े स्थलों की सैर करने की अपील की। साथ ही शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस 23 मार्च का भी जिक्र किया। श्री मोदी ने स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों से नदियों को स्वच्छ रखने के लिए उनमें कचरा और प्लास्टिक आदि न फेंकने की अपील की।

यूक्रेन को खाद्य सामग्री भेजेगा ब्रिटेन : विदेश मंत्री

ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने कहा कि उनका देश रूस के आक्रमण की विभीषिका झेल रहे यूक्रेन को 20 लाख पाउंड मूल्य की खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति करेगा। विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि यूक्रेन सरकार से सीधा अनुरोध मिलने के बाद यह फैसला लिया गया है। आपूर्ति में खाद्य सामग्री और पेयजल के रूप में अनुदान शामिल है। यह अनुमान लगाया गया है कि यूक्रेन में 1.2 करोड़ से अधिक लोगों को मानवीय सहायता की जरूरत है। हालांकि, इसकी वास्तविक संख्या कहीं अधिक होने की संभावना है।

यूक्रेन संकट

नाटो देश यूक्रेन को लड़ाकू विमान और टैंक दें : जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से फिर अपील की है कि वह लड़ाकू विमान, टैंक और मिसाइल डिफेंस सिस्टम दें।

- यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि यूक्रेन को नाटो में शामिल देशों से सिर्फ एक फीसदी विमान और टैंक की जरूरत है।
- 27 यूरोपीय देशों के प्रमुखों को वीडियो संबोधन में दिया सख्त संदेश।
- 31 दिन से सोचने वाले देशों में सिर्फ एक फीसदी का ही साहस।

जेलेंस्की ने कीव के पश्चिमी सहयोगियों पर यूक्रेन की सहायता में अब भी हिचकिचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा पश्चिमी देश यूक्रेन को विमान और अन्य रक्षा उपकरण प्रदान करने के मामले में टालमटोल कर रहे हैं, दूसरी ओर

रूसी मिसाइल हमलों में आम नागरिक फंसे हुए हैं और मारे जा रहे हैं। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि यूरोप की सुरक्षा के लिए जो हथियार बनाए गए हैं वह गोदाम में पड़े धूल खा रहे हैं। जेलेंस्की ने शिकायत करते हुए कहा कि मशीन गनों से वह रूसी लड़ाकू विमान नहीं गिरा सकते। यह केवल यूक्रेन की आजादी की बात नहीं है, यह पूरे यूरोप की स्वतंत्रता की बात है।

कीव को घेरना लक्ष्य

जेलेंस्की ने यूक्रेन के मारियुपोल शहर की घेराबंदी की ओर इशारा करते हुए कहा, मैंने मारियुपोल के रक्षकों से बात की। मैं निरंतर उनके संपर्क में हूं। उनका संकल्प, वीरता और दृढ़ता अचंभित करने वाली है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को 32 दिन हो गए हैं। कई क्षेत्रों में रूस ने हमले रोक दिए हैं। रूसी सेना का लक्ष्य जल्द से जल्द राजधानी कीव को घेरना है।

यूक्रेन की मिलिट्री इंटेलिजेंस के प्रमुख काइरीलो बुडानोव ने कहा है कि समूचे यूक्रेन पर कब्जा करने में नाकाम रहने के बाद रूस यूक्रेन को उत्तर और दक्षिण कोरिया की तरह दो हिस्सों में बांटना चाहता है। यूक्रेन जल्द ही रूस के कब्जे वाले इलाकों में गुरिल्ला युद्ध शुरू करने जा रहा है।

दुनिया में पहली बार मानव रक्त में मिला माइक्रो प्लास्टिक

दुनिया में पहली बार इंसान के रक्त के अंदर माइक्रो प्लास्टिक मिला है। वैज्ञानिकों ने अपनी जांच के दौरान पाया कि ये छोटे-छोटे पार्टिकल्स 80 फीसदी लोगों में पाए गए।

- जांच के दौरान पाया गया कि ये पार्टिकल्स 80 फीसदी लोगों में पाए गए।

यह खोज दर्शाती है कि माइक्रो प्लास्टिक इंसान के शरीर में एक जगह से दूसरी जगह जा सकते हैं और मानवीय अंगों में जमा हो सकते हैं। हालांकि इसका इंसान के स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ता है, इसका अभी खुलासा नहीं हो सका है।

शोधकर्ता अभी इसको लेकर बहुत चिंतित हैं, क्योंकि प्रयोगशाला में माइक्रो प्लास्टिक ने इंसानी कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाया।

वह भी तब जब हम जानते हैं कि वायु प्रदूषण के पार्टिकल पहले ही शरीर के अंदर

प्रवेश करने के लिए जाने जाते हैं।

हालत यह है कि यह माइक्रो प्लास्टिक दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट और सबसे गहरे समुद्र तक पहुंच चुका है।

मनुष्य पहले ही छोटे-छोटे पार्टिकल खाने, पानी और सांस के जरिए ले रहा है। इन पार्टिकल्स को बच्चों और वयस्कों के चेहरे में पाया गया है। जांच के दौरान वैज्ञानिकों ने 22 अज्ञात दानदाताओं से रक्त के नमूने लिए थे। शोधकर्ता रक्त में इन पार्टिकल्स के प्रतिशत संख्या पर भी शोध कर रहे हैं।

● मालदीव-भारत ●

समृद्धि के लिए साझेदारी अहम : श्री एस. जयशंकर

विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और मालदीव के बीच गहरी और स्थाई मैत्री संबंध हैं। दोनों देशों के बीच की साझेदारी हिंद महासागर क्षेत्र के लिए स्थिरता की वास्तविक ताकत एवं समृद्धि के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

श्री जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की उपस्थिति में मालदीव के अड्डू शहर में नेशनल कॉलेज फॉर पुलिसिंग एंड लॉ एनफोर्समेंट का उद्घाटन करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने परियोजना को दोनों देशों की विकास साझेदारी का एक वास्तविक प्रतीक करार दिया। विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने मालदीव के रक्षा बल के प्रमुख मेजर जनरल अब्दुल्ला शमाल को औपचारिक रूप से तटीय रडार प्रणाली सौंप दीं। यह प्रणाली समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने में योगदान देगी।

इजराइल ने की

अमेरिका सहित अरब के चार देशों के विदेश मंत्रियों की मेजबानी

इजराइल ने पश्चिम एशिया के तेजी से बदलते परिदृश्य में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने के लिए अमेरिका तथा अरब के चार देशों के विदेश मंत्रियों की मेजबानी की। वहां आयोजित विदेश मंत्रियों की बैठक में इजराइल के साथ रिश्ते सामान्य करने वाले अरब देशों में से एक को छोड़कर सभी के विदेश मंत्री शामिल हुए।

इजराइल के संस्थापकों में से एक डेविड बेन गुरियन की कब्र के पास नेगेव रेगिस्तान स्थित एक रिजॉर्ट में हुई बैठक में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के अलावा अन्य देशों के विदेश मंत्री शामिल हुए और उन्होंने ऊर्जा, पर्यावरण और सुरक्षा के मसले पर सहयोग को बढ़ाने का संकल्प लिया। ब्लिंकन ने कहा, "कुछ साल पहले तक इस बैठक की कल्पना करना असंभव था।"

उन्होंने कहा, "अमेरिका ने हमेशा इस क्षेत्र में परिवर्तन का समर्थन किया है और करता रहेगा।" इस बैठक से पहले मध्य इजराइल में इस्लामिक स्टेट समूह के दो आतंकवादियों ने दो पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार दिया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।